16- OCT- BSP- P-3_Layout 1 10/15/2025 12:13 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 22.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025


दीपावली के पूर्व सड़कों के किनारे सजने लगा बाजार।



## आज के आयोजन

### सीवीआरयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

**बिलासपुर।** राज्यपाल रमेन डेका कल 17 अक्टूबर को करगी रोड कोटा स्थित डॉ. सीवी रमन विश्व विद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।



निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार श्री डेका राजभवन रायपुर स्थित निवास कार्यालय से सुबह 8.30 बजे सड़क मार्ग से होकर कोटा के लिए रवाना होंगे। सुबह 11 बजे कोटा स्थित यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद 11.25 बजे विश्वविद्यालय परिसर पहुंचकर दोपहर 2.50 बजे तक आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। समारोह के बाद 2.50 बजे सड़क मार्ग से ही वापस राजभवन रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महराज आएंगे

**बिलासपुर।** जगदगुरू शंकराचार्य महाराज स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती 1008 महराज धनतेरस पर 17 अक्टूबर को रात 8 बजे रायपुर सड़क मार्ग से बिलासपुर पहुंचेंगे।



इस दौरान उनका प्रवास शनिवार 18 अक्टूबर तक चिचिरदा रोड रायपुर एलसीआईटी कालेज के आगे हरीश कुमार शाह के निवास कुंज कुटीर में रहेगा। तत्पश्चात शंकराचार्य 18 अक्टूबर को सुबह 8 बजे सड़क मार्ग से बेमेतरा सल्दाह के लिए प्रस्थान करेंगे।

### छात्र को निष्कासित किए जाने का मामला, विवि प्रबंधन के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आंदोलन



#### यह है पूरा मामला

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा बीएससी कंप्यूटर साइंस फाइनल ईयर के छात्र सुदीप शास्त्री एवं सार्थक मिश्रा दोनों का यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। सुदीप शास्त्री को निष्कासित करते हुए टीसी भी जारी कर दिया गया है और उसके टीसी में विपरीत टिप्पणी भी की गई है। एनएसयूआई से जुड़े दूसरे छात्र सार्थक मिश्रा का एडमिशन निरस्त कर दिया गया है। इस मामले को लेकर एनएसयूआई ने विरोध करते हुए यूनिवर्सिटी प्रबंधन को 10 दिनों का अल्टीमेटम दिया था, किन्तु अल्टीमेटम का कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद सोमवार शाम को छात्र सुदीप शास्त्री और सार्थक मिश्रा साथियों के साथ यूनिवर्सिटी मेनगेट के पास भूख हड़ताल धरने पर बैठ गए थे।

# सीयू में रात तक मचा रहा बवाल, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कुलपति बंगले का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में गुरुवार देर रात तक बवाल मचा रहा। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा छात्र को एक छात्र को निष्कासित किए जाने के मामले को लेकर यह आंदोलन किया गया, जिसमें एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय सहित कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, सुधांशु मिश्रा, लक्की मिश्रा, रंजीत सिंह आदि भी समर्थन देने पहुंचे थे। करीब दो से ढाई घंटे तक हंगामा, नारेबाजी घेराव के बाद यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल की ओर से आश्वासन दिए जाने के बाद यह आंदोलन समाप्त हुआ।


गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग के फाइनल ईयर के छात्र सुदीप शास्त्री को यूनिवर्सिटी ने निष्कासित करते हुए टीसी थमा दी गई है। इसी तरह दूसरे छात्र सार्थक मिश्रा का एडमिशन निरस्त कर दिया गया है। इस मुद्दे को लेकर एनएसयूआई आंदोलन कर रही है और दोनों छात्र पिछले तीन दिनों से भूख हड़ताल धरने पर यूनिवर्सिटी गेट के पास बैठे हुए थे। इस बीच यूनिवर्सिटी की ओर से कोई अधिकारी उनसे बातचीत करने नहीं आया, बल्कि यूनिवर्सिटी ने अपनी कार्रवाई को सही ठहराते हुए छात्र सुदीप को नोटिस जारी कर दिया। इससे बौखलाए एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं की भीड़ शाम करीब 6 बजे धरना स्थल यूनिवर्सिटी गेट के पास एकत्रित हुई और एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा, जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के नेतृत्व में विकास सिंह, अर्पित केशरवानी, महेन्द्र सिंह आदि कार्यकर्ताओं की भीड़ यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्ड्स और पुलिस के साथ धक्कामुक्की करते हुए यूनिवर्सिटी भीतर घुस गई। एनएसयूआई कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सीधे कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के बंगला भीतर घुस आए, किन्तु मौके पर उपस्थित पुलिस वालों ने उन्हें बंगला से बाहर किया। इस पर कार्यकर्ता कुलपति बंगला के सामने धरना प्रदर्शन, नारेबाजी करने लगे। एनएसयूआई के इस आंदोलन और छात्र के समर्थन में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, सुधांशु मिश्रा सहित कुछ कांग्रेसजन भी यूनिवर्सिटी पहुंच गए, करीब दो से ढाई घंटे तक यह घेराव, हंगामा चलता रहा, यूनिवर्सिटी की ओर से प्रो. मनीष श्रीवास्तव, सीमा राय आदि का प्रतिनिधिमंडल ने आश्वासन दिया कि उनके हाथ में कुछ नहीं है जो भी फैसला यूनिवर्सिटी की कमेटी लेती है और कमेटी में इस बात को रखा जाएगा।

#### एक-एक कर पीछे दरवाजे से निकले शिक्षक, अधिकारी



सेंट्रल यूनिवर्सिटी में आज सभी डीन, एचओडी और अधिकारियों को कांफ्रेंस हाल में दीपावली मिलन के नाम पर रोककर रखा गया था। इसी दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भीड़ नारेबाजी करते हुए यूनिवर्सिटी भीतर घूस आई। यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्डस ने आनन-फानन में प्रशासनिक भवन के सारे गेटों पर ताला लगा दिया। एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रशासनिक भवन न आकर सीधे कुलपति बंगला घेराव करने चले गए। इसके बाद प्रशासनिक भवन में बंद सारे शिक्षक, अधिकारी एक-एक करके पीछे दरवाजा से निकलते गए।

# डीएमई ने किया सिम्स का निरीक्षण, स्टूडेंट्स से मिले


निरीक्षण के दौरान चर्चा करते डीएमई डॉ.पैकरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सालों बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग के डायरेक्टर डॉ यूएस पैकरा ने सिम्स अस्पताल और मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया। गुरूवार को सुबह 10 बजे अचानक सिम्स पहुंचे। उन्होंने अब तक हुए निर्माण कार्य और अन्य कार्यों की समीक्षा की।

डॉयरेक्टर यूएस पैकरा ने सबसे पहले दवा वितरण कक्ष पहुंचें। इस दौरान मरीजों को मिलने वाली दवाओं की जानकारी ली। इसके बाद आपातकालीन विभाग में आने वाले मरीजों की सेवा और सहुलियतों का जायजा लिया। उन्होंने भर्ती मरीजों के उपचार से संबंधित जानकारी मरीजों से ली। इसके बाद एमआरडी हाल पहुंचे और पंजीयन के दौरान मरीजों को होने वाली दिक्कतों का जायजा लिया। उन्होंने पंजीयन कक्ष एवं आभा एप के द्वारा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रबंधन की तारीफ भी की। वहीं गंभीर मरीजों का इलाज आयुष्मान कार्ड द्वारा अनिवार्य तौर पर करने की सलाह दी। वार्ड में भर्ती मरीजों की जानकारी प्रबंधन से ली इस दौरान उन्होंने क्षमताओं में विकास करने की बात कही है। वहीं निर्माणधीन वार्ड का निरीक्षण कर निर्माण में देरी को लेकर आड़े हाथों लिया और जल्द से जल्द निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद मेडिकल वार्ड, डायलिसिस यूनिट एवं परिजन शेड में साफ सफाई का जायजा लिया और उपकरणों और व्यवस्थाओं में संतुष्टि जाहिर की। अधिकारी ने ऑपरेशन थिएटर में उपलब्ध सुविधाओं को विकसित करने के लिए दिशा निर्देश दिए है। इस दौरान सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### स्टूडेंट्स से की चर्चा

सिम्स के रजत जयंती महोत्सव में डीएमई डॉ यूएस पैंकरा शामिल हुए। उन्होंने एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों से पढ़ाई, हॉस्टल व सुविधाओं के संबंध में चर्चा की,पूरे कॉलेज के साथ हॉस्पिटल का निरीक्षण किया साथ ही वर्ल्ड एनेस्थीसिया दिवस पर एनेस्थीसिया विभाग के फैकल्टी,पीजी छात्रों के बैठक ली। डीन डॉ रमनेश मूर्ति,नोडल अधिकारी डॉ भूपेंद्र कश्यप , डॉ अर्चना सिंह उपस्थित रहे।

### हरिभूमि के आरती संग्रह का रमन विवि के कुलाधिपति ने किया विमोचन

# आरती संग्रह प्रत्येक सनातनियों के लिए उपयोगी


हरिभूमि द्वारा प्रकाशित आरती संग्रह का विमोचन करते विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे व अन्य अतिथि।

**बिलासपुर।** हरिभूमि द्वारा प्रकाशित आरती संग्रह का विमोचन डा.सीवी रमन विश्व विद्यालय में कुलाधिपति संतोष चौबे सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों के करकमलों द्वारा किया गया। अतिथियों ने हरिभूमि के इस प्रयास की सराहना की और इसे प्रत्येक सनातनियों के लिए उपयोगी बताया।

प्रारंभ में हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने बताया कि हरिभूमि द्वारा पिछले कई वर्षों से आरती संग्रह का प्रकाशन किया जा रहा है, जिसका पाठकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। विमोचन के बाद हरिभूमि कार्यालय में आरती संग्रह का निरंतर निःशुल्क वितरण किया जाता है। हरिभूमि का प्रयास हर साल एक नए कलेवर में आरती संग्रह को निकालना रहता है और संस्था अपने इस प्रयास में सफल भी है। इसी क्रम में इस साल सीवी रमन विश्व विद्यालय में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में आकर्षक व नए कलेवरयुक्त आरती संग्रह का विमोचन किया गया।

#### इन्होंने भी रखे अपने विचार

आईसेक्ट ग्रुप के डायरेक्टर डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी, डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष, रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलपति रवि प्रकाश दुबे, हजारीबाग विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार नायक, आईसेक्ट ग्रुप की कुलसचिव डॉ पुष्पा असिवाल, आईसेक्ट दिल्ली मुख्यालय के प्रमुख अभिषेक पंडित, सम कुलपति डॉ जयति चटर्जी ने भी अपने विचार रखे और कहा कि अभी दिवाली पर घर-घर लक्ष्मी पूजा होगी। इस समय के लिए यह आरती संग्रह काफी उपयोगी साबित होगा।

#### बेहतर प्रयास : कुलाधिपति


कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि आरती संग्रह का हर साल प्रकाशन हरिभूमि का एक बेहतर प्रयास है। इससे शहर के लोगों को सभी देवी-देवताओं की आरती एक ही बुक में मिल जाती है। आरती, पूजा लोगों की धर्म, आस्था से जुड़ी चीज है। इससे हर सनातनी परिवार प्रायः जुड़ते हैं और आरती संग्रह का सदुपयोग करते हैं।

#### धर्म से जुड़ते हैं लोग : तिवारी

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलसचिव अरविंद तिवारी ने कहा कि अपनी सनातन परंपरा में आरती का बड़ा महत्व होता है। वैसे तो आरती संग्रह खरीदने से मिल जाता है पर हरिभूमि द्वारा प्रकाशित यह आरती संग्रह एक अलग तरह का है। इसमें बड़े अक्षरों में आरती का प्रकाशन हुआ है। जिसे सभी उम्र के लोग आराम से पढ़ कर भगवान की आरती कर सकते हैं। वहीं हरिभूमि के इस प्रयास से लोगों का धर्म से जुड़ाव भी होता है।

#### आरती का महत्व अधिक : शुक्ला

हजारीबाग विश्वविद्यालय के समकुलपति गौरव शुक्ला ने कहा कि हरिभूमि द्वारा प्रकाशित आरती संग्रह में आरती के महत्व के बारे में भी बताया गया है। यह बहुत ही अच्छी बात है। किसी भी चीज का महत्व समझ में आ जाए तो उस चीज का महत्व और बढ़ जाता है। लोगों के मन में उसे देखने, पढ़ने की जिज्ञासा होती है।



# बाइक में स्टंट करने वाले 4 युवक गिरफ्तार, जमानत में रिहा



**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में स्टंट करते चार सवारी युवकों का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने अपराध कायम कर युवकों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से चारों जमानत पर रिहा हो गए हैं।

15 अक्टूबर को सोशल मीडिया में दांए बांए गोद में बैठाकर चार सवारी युवकों का स्टंट करते वीडियो वायरल हो रहा था। बताया जा रहा था यह वीडियो सीपत चौक मुक्तिधाम का है। बाइक की नम्बर प्लेट में सीजी 10 बी, टी, 8294 लिखा हुआ है। एसएसपी रजनेश सिंह ने वीडियो को गंभीरता से लेते हुए सरकण्डा पुलिस को कार्रवाई करने का आदेश दिया। उसके बाद पुलिस ने स्टंट करने वाले मिहिर दुबे पिता संजीव दुबे 18 साल शिवघाट लोधीपारा, उसके दोस्त आर्यन सिंह ठाकुर, तन्मय सिंह ठाकुर, दिपांशु श्रीवास को पकड़कर बीएनएस की धारा 281, 3, 5, मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 189 व पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर सिटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया, जहां से चारों जमानत मिलने पर रिहा हो गए हैं।




**खबर संक्षेप**

### निगम का लिफ्ट बंद, हांफते चढ़ रहे कर्मचारी और अधिकारी



**बिलासपुर।** नगर निगम के विकास भवन में लगा लिफ्ट बंद है। सैकड़ों लोग नगर निगम के इस कार्यालय में रोजाना पहुंचते है, वहीं 2 सौ से ज्यादा कर्मचारी और अधिकारी काम कर रहे है। सभी कर्मचारियों के साथ ही फरियादियों को भी हांफते हुए सीढ़ी चढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नगर निगम के विकास भवन में लगा एकलौता लिफ्ट कई दिनों से बंद पड़ा है। लिफ्ट खराब होने के कारण लोगों को कार्यालय तक पहुंचने के लिए सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग और महिलाओं को उठानी पड़ रही है, जहां सीढ़ियों के सहारे निगम के कार्यालयों में पहुंचना उन्हें पहाड़ चढ़ने की तरह लग रहा है। खास बात यह है कि नगर निगम के पास इस लिफ्ट को बनाने के लिए फंड नहीं है, जिसके चलते यह कबाड़ बन चुका है।

### अवैध वेंडरों पर कार्रवाई करने के निर्देश

**बिलासपुर।** पुलिस अधीक्षक रेल श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ व व्यवस्थित करने बैठक आयोजित की गई। इस दौरान रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में भीड़भाड़ के समय यातायात पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से टीम बनाकर कार्रवाई करते हुए भीड़ नियंत्रण करने एवं रेलवे स्टेशन परिसर के प्रवेश निकास द्वार में वाहनों के प्रवेश निकास को व्यवस्थित करने एवं रेल परिक्षेत्र में संचालित अवैध ठेला व सामान बेचने वालों पर सख्ती से कार्रवाई किए जाने एवं विगत वर्षों में बंद प्री पेड बूथ को यातायात पुलिस द्वारा पुनः संचालित किए जाने के संबंध में निर्णय लिए गए।

## सरकंडा क्षेत्र की चार दुकानों पर चला बुलडोजर, 14 कबाड़ी दुकानें की गईं सील

# नगर निगम व पुलिस ने 18 कबाड़ी दुकानों पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई





कबाड़ी दुकान पर कार्रवाई करता निगम का अमला।

**नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को अवैध रूप से संचालित कबाड़ी दुकानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने सरकंडा क्षेत्र के 18 कबाड़ी दुकानों पर कार्रवाई करते हुए चार कबाड़ी दुकानों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया, वहीं 14 कबाड़ी दुकानों की सामान जब्त करते हुए दुकानों को सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई बिना अनुमति निर्माण व कबाड़ फैलाने के मामले में की गई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरुवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर शहर के सरकंडा क्षेत्र में अवैध रूप संचालित कबाड़ी दुकानों के खिलाफ नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अभियान छेड़ा गया। यह संयुक्त टीम आठ काऊकेचर और दस बुलडोजर के साथ कार्रवाई करने निकली तो कबाड़ियों में हडकंप मच गया।

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग-अलग टीम बनाया गया था, जिनके द्वारा कार्रवाई की गई। इसमें पुलिस विभाग की टीम भी शामिल थी। इस संयुक्त टीम द्वारा आज मोपका, चांटीडी, बिजौर, अशोकनगर रपटा, बहतराई क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। वहीं कार्रवाई के दौरान अवैध रूप बिना अनुमति निर्माण के मामले में चार कबाड़ी दुकानों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया, जबकि 14 कबाड़ी दुकानों के कबाड़ सामान जब्त करते हुए दुकानों को सील कर दिया गया है। निगम व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पूरे दलबल के साथ की गई इस कार्रवाई से आज क्षेत्र के कबाड़ी दुकान वालों में हड़कंप मचा रहा।



### इन कबाड़ी दुकानों पर हुई कार्रवाई

नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने आज सरकंडा क्षेत्र के अवैध रूप से संचालित कबाड़ी दुकानों को अपना निशाना बनाया और उन पर कार्रवाई की। आज मोपका, चांटीडीह, बिजौर, अशोकनगर, रपटा, बहतराई क्षेत्रों के संतोष रजक, संदीप मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, ताज कबाड़ी, भागवत साहू, सुभाष साहू, भुवन तिवारी, सुनील साहू, लल्ला खरपाली, शिव कबाड़ी, राज साहू, हेमंत साहू के कबाड़ दुकानों में कार्रवाई की गई है।

### 1 लाख 95 हजार के कबाड़ सहित पिकअप जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार



पुलिस ने कबाड़ दुकान में दबिश देकर 1 लाख 95 हजार के कबाड़ सहित पिकअप जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरूवार को कबाड़ का धंधा करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने जमकर डंडा चलाया है। कबाड़ के खिलाफ कार्रवाई के दौरान सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली भण्डारी प्लाट स्थित कंवल ठाकुर के कबाड़ दुकान में भारी मात्रा में चोरी का सामान बिक्री करने के लिए गाड़ी में लोड हो रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कबाड़ दुकान में दबिश देकर कबाड़ से भरा पिकअप को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर गाड़ी में चोरी के सिल्वर की चादर, बिजली तार मिला। जब्त कबाड़ की कीमत 1 लाख 95 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 35, 1, 303 के तहत गाड़ी सहित कबाड़ जब्त कर ड्राइवर अनिल यादव पिता स्व. लखन यादव 25 साल बलिहारी चौक सरकण्डा निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# घर में चूल्हा जलाएं या बिजली का बिल भरें?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रीपेड स्मार्ट मीटर बंद करने एवं बिजली बिल हाफ योजना को तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता समिति के बैनर तले दो दर्जन लोग कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए भारी हंगामा मचाया। मांगे पूरी नहीं होने की दशा में बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी भी दी।

- **प्रदर्शन करने कलेक्टोरेट पहुंचे लोग, जमकर हंगामा मचाया**

बिजली बिल की बढ़ती शिकायतें अब आंदोलन का रूप लेने लगी हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता समिति के सदस्य बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन करने कलेक्टोरेट पहुंचे। इनका कहना था कि पहले लगाए गए मैनुअल मीटर में बिजली का बिल सामान्य आता था। इसके ऊपर भी उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ देते हुए छूट दे दी जाती थी। इसके विपरीत अब मैनुअल मीटर को हटाकर न केवल प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं, बल्कि बिजली बिल हाफ योजना को भी बंद कर दिया गया है। नतीजन बिजली का बिल अत्यधिक आने लगा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने यह भी कहा कि हालत ऐसी हो चुकी है कि अपनी कमाई से घर का चूल्हा जलाएं या बिजली का बिल जमा करें। सदस्यों ने कलेक्टोरेट परिसर में जमकर नारेबाजी करते हुए प्रशासन के समक्ष अपनी पांच सूत्रीय मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल हाफ योजना को प्रदेश में लागू किया जाए। इसी तरह प्रीपेड स्मार्ट मीटर को तत्काल प्रभाव से बंद करते हुए बिजली की दरों में की गई वृद्धि वापस ली जाए। उन्होंने बिजली का निजीकरण बंद करते हुए बिजली संशोधन विधेयक 2022 वापस लेने की मांग की है। मांगे नहीं माने जाने की हालत में बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है।






16 -OCT- BSP-PG-4_Layout 1 10/17/2025 12:38 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय गृह मंत्री ने सीबीआई के सुवेज को किया पुलिस पदक से सम्मानित



**बिलासपुर।** फ्रांस में सीबीआई के अधिकारी में रूप में भारत शासन का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के असिस्टेंट डायरेक्टर एंटी टेररिज्म इंटरपोल मुख्यालय में पदस्थ 2005 बैच के आईपीएस महाराष्ट्र कैडर के मो. सुरेज हक को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया है। वे सीबीआई मुंबई शाखा के प्रमुख के रूप में 5 वर्ष कार्य किया। महाराष्ट्र कैडर में रहते हुए एसपी गड़चिरोली, गोंदिया, चंद्रपुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों के अलावा पुणे, रायगड़ और पालघर में भी काम किया। फिर,एटीएस मुंबई में कम करते हुए सीबीआई में प्रतिनियुक्ति पर चयनित हुए। इन्हें 16 अक्टूबर 2025 को दिल्ली में सीबीआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत के गृह मंत्री अमित शाह के हाथों सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। जल्दी ही वे अपना सीबीआई और इंटरपोल का कार्यकाल पूरा करके महाराष्ट्र कैडर में आईजी के पद पर वापस लौटेंगे। सीबीआई में रहते हुए सुशांत राजपूत केस को भी हैंडल किया। वे बिलासपुर निवासी सिचाई विभाग से सेवानिवृत्त स्वर्गीय एम एम हक के छोटे सुपुत्र एवं क्रेडाई बिलासपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं कालोनाइजर सुहेल हक के अनुज हैं। उन्होंने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ( एन आई टी) रायपुर से केमिकल इंजीनियरिंग के पढ़ाई पूरी की।

### डा. बृजेश साहित्य वाचस्पति सम्मान से हुए अलंकृत

**बिलासपुर।** श्रीपीताम्बरा विद्यापीठ सीकरीतीर्थ द्वारा 15 सितंबर को विकास संस्कृति साहित्य अकादमी समारोह



बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में नगर के राजश्री डा. बृजेश सिंह साहित्य वाचस्पति सम्मान से सम्मान किए गए हैं। श्री सिंह को यह सम्मान सुदीर्घ हिंदी सेवा, सारस्वत साधना, पर्यावरण संरक्षण में विशिष्ट योगदान, साहित्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों, शैक्षिक प्रदेयों, महनीय शोधकार्यो तथा राष्ट्रीय अंतर राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर इस विद्यापीठ की विद्या परिषद की अनुशंसा पर दिया गया है।

### 12 वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने विषय विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

**बिलासपुर।** मिशन 90 प्लस योजना के तहत जिले के परिणाम को 90 प्रतिशत से अधिक लाने के उद्देश्य से उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सेजेस महारानी लक्ष्मीबाई उमा विद्यालय बिलासपुर में किया गया। मनोज कुमार यादव ने बताया कि जिले के भौतिक भौतिक विषय के 121 व्याख्याता उपस्थित रहे। कार्यशाला संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग आर पी आदित्य एवं मिशन 90 प्लस के नोडल जितेंद्र खोबरागड़े उपस्थित रहें। अमित कुमार खास कलाम ने आज के परिपेक्ष में ए आई से बेहतर हमारे शिक्षक है जो फील्ड में उतरकर बच्चों के बच्चों के बीच लगातार काम करते हैं मेरा मानना है कि शिक्षक से अच्छा एआई नहीं हो सकता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए शिक्षा का काम सिर्फ पढ़ना नहीं है बच्चों की स्थिति मन स्थिति एवं पारिवारिक परिवेश को भी ध्यान देना चाहिए ।

**रामलीला मैदान के सामने लगेंगी 70 दुकानें** | **15 दिन पहले से चल रही थी प्रक्रिया**

# प्रशासन ने दिया क्लीयरेंस, बुधवारी बाजार में लगेगा पटाखा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रेलवे क्षेत्र में प्रशासन से क्लीयरेंस मिलने के बाद अब पटाखा बाजार सजने का रास्ता साफ हो गया है। बुधवारी बाजार के पास रामलीला मैदान के सामने 70 से अधिक अस्थाई दुकानें बनने लगी हैं।

रेलवे क्षेत्र में दुर्गा पंडाल से लेकर दशहरा में रावण दहन और दीपावली पर्व के दौरान पटाखा दुकान लगाने के लिए व्यापारियों और अन्य लोगों को रेलवे से अनुमति लेनी पड़ती है। रेलवे क्षेत्र में हर साल पटाखा व्यापारी अपनी दुकानों को बंगाली स्कूल और तोरवा थाने के सामने लगाते हैं, जहां करीब 60 से 70 दुकानों का संचालन दीपावली के दिन तक किया जाता है। इस साल भी व्यापारी पटाखा दुकान लगाने के लिए रेल अफसरों के पास पहुंचे थे, जिन्हें क्लीयरेंस लेने के लिए कलेक्टर के पास भेजा गया था। इस दौरान लायसेंस रिनीवल के मामले भी थे, जिसके कारण 15 दिन पहले से पटाखा बाजार के लिए प्रक्रिया चल रही थी। व्यापारियों ने कलेक्टर से क्लीयरेंस लेकर रेलवे कार्यालय में जमा कर दिया है, जिसके बाद उन्हें रेलवे की ओर से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया है।

### सुरक्षा है पहली प्राथमिकता

डिवीजन के अफसरों का कहना है कि बुधवारी बाजार में प्रतिदिन लोगों की काफी भीड़ होती है। रेलवे के पास किसी तरह की आगजनी से निपटने के लिए दमकल की व्यवस्था भी नहीं है। आग लगने पर रेल प्रशासन को भी जिला प्रशासन और नगर निगम का सहारा लेना पड़ता है। कई बार आग लगने की घटना के कारण रेलवे भी केवल सुरक्षा के कारण पटाखा व्यापारियों को उर्दू स्कूल या फिर एनईआई के ग्राउंड में दुकान लगाने की परमिशन देना चाहता है, लेकिन व्यापारी पुरानी जगह पर ही दुकान लगाना चाहते हैं। रेलवे में सुरक्षा पहली प्राथमिकता है, जिसे देखते हुए ही व्यापारियों को जिला प्रशासन के पास अनुमति लेने भेजा जा रहा है।

### दे दी गई है अनुमति

व्यापारियों को जिला प्रशासन ने क्लीयरेंस सर्टिफिकेट लाने कहा गया था, जिसके जमा करने के बाद रेलवे की ओर से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया है। इसके बाद बुधवारी बाजार क्षेत्र में पटाखा बाजार लगाना शुरु हो गया है। **-अनुराग सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

**दो मादा टाइगर के साथ केज में किया गया डिस्प्ले**

# नर व्हाइट टाइगर रमन पहुंचा कानन पेंडारी, बनेगा आकर्षण का केंद्र

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू में व्हाइट टाइगर की संख्या बढ़ाने के लिए एक नर व्हाइट टाइगर रमन को ग्वालियर लाया गया है, जिसके आने के बाद व्हाइट टाइगर को दोनों मादा टाइगरों के साथ केज में डिस्प्ले कर दिया गया है। इस व्हाइट टाइगर के कानन पेण्डारी में आने के बाद अब संख्या बढ़ने की संभावना प्रबंधन व्यक्त कर रहा है।

कानन पेण्डारी जू में पहले व्हाइट टाइगर की संख्या तीन थी, जिसमें दो मादा में से एक 10 वर्ष की बाघिन थीं। वहीं एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर इसी टाइग्रेस से कानन पेण्डारी में जन्म लिए थे। इनके परिवार में वंशवृद्धि करने के लिए कानन पेण्डारी जूलॉजिकल पार्क प्रबंधन को एक स्वस्थ और व्यस्क व्हाइट टाइगर की आवश्यकता थी। एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर एक ही टाइग्रेस की संतान थे, जिसके कारण इनसे वंशवृद्धि आगे बढ़ाने में कानन प्रबंधन को रूचि नहीं थी। अन्य जू में व्हाइट टाइगर से ब्रीडिंग के लिए मेल व्हाइट टाइगर की तलाश शुरु कर दी गई। मेल व्हाइट टाइगर को कानन जू में लाने के लिए देश के सभी जू प्रबंधक से संपर्क किया गया था, जिसमें कानन प्रबंधन को जानकारी मिली कि ग्वालियर वन्यप्राणी संग्रहालय में व्हाइट टाइगर की संख्या अधिक है और उसे संग्रहालय देना चाह रहा है। कानन पेण्डारी प्रबंधन ने व्हाइट टाइगर को ग्वालियर से कानन जू में लाने के लिए एक प्रस्ताव बनाकर सीजेडए यानि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली को भेजा था। प्रबंधन के प्रस्ताव को सीजेडए की ओर से हरी झंडी दे दी गई। सीजेडए से प्रस्ताव पास होने के बाद कानन जू प्रबंधन ने इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय प्रबंधन से चर्चा की, जिसपर व्हाइट टाइगर के कानन जू में भेजने के बाद भालू और चौसिंघा लेने पर सहमति बनी। इस सहमति के बाद ग्वालियर से कानन पेण्डारी जू में व्हाइट टाइगर आने के बाद संख्या 3 से चार हो जाती, लेकिन कुछ माह पहले कानन पेण्डारी में जन्म लिए व्हाइट टाइगर आकाश ने दम तोड़ दिया। व्हाइट टाइगर की मौत हार्ट अटैक से होने की जानकारी डॉक्टर ने दी। नर व्हाइट टाइगर की मौत के बाद अब दो मादा व्हाइट टाइगर ही कानन पेण्डारी जू में बचे थे। व्हाइट टाइगर की संख्या बढ़ाने के लिए कानन पेण्डारी जू के डॉक्टर पीके चंदन और उनकी टीम ग्वालियर जू से व्हाइट टाइगर लेकर आ गए हैं, जिसे मादा व्हाइट टाइगर ईशा और सिद्धी के साथ उनके केज में डिस्प्ले कर दिया गया है।



### व्हाइट टाइगर की उम्र एक वर्ष

कानन प्रबंधन के अनुसार ग्वालियर वन्यप्राणी संग्रहालय से लाए गए व्हाइट टाइगर का नाम रमन है, जिसके बदले ग्वालियर को भालू और चौसिंघा दिया गया है। भालू और चौसिंघा को लेकर ग्वालियर की टीम पहले ही जा चुकी है। नर व्हाइट टाइगर की उम्र एक वर्ष की है, जिसे मादा टाइगर ईशा 9 साल और सिद्धी 15 साल के साथ केज में छोड़ दिया गया है।

### अभी भी चुस्त दुरुस्त है रागिनी

व्हाइट टाइगर के अलावा कानन पेण्डारी में बंगाल टाइगर और टाइग्रेस भी हैं। एक टाइग्रेस को कानन पेण्डारी जू में जंगल सफारी से लाया गया था, जिसकी जू में लाने के बाद लगातार हालत बिगड़नी शुरु हो गई थी। इस टाइग्रेस का नाम रागिनी रखा गया था। रागिनी की हालत पर प्रबंधन और डॉक्टर की विशेष निगरानी थी, जिसे दवा के भरोसे जिंदा रखा गया। कानन जू के डॉक्टर के अनुसार किसी भी टाइगर या टाइग्रेस की उम्र करीब करीब 16 से 17 साल तक होती है, लेकिन रागिनी 22 साल की उम्र में भी अच्छी खासी है। उसे डिस्प्ले में रखने के बजाय रेस्क्यू सेंटर में रखा गया है, जिसपर लगातार निगरानी की जा रही है।

# सीवी रमन विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह आज




**बिलासपुर ।** डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह 17 अक्टूबर को होगा । समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष रमेन डेका करेंगे। समारोह में 189 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 195 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी । इसके मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे । कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, अतिविशिष्ट अतिथि कुलाधिपति डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय संतोष चौबे, अतिविशिष्ट अतिथि मंत्री टंक राम वर्मा, विशिष्ट अतिथि सचिव प्रायोजक निकाय ,आईसेक्ट ग्रुप डॉ सिद्धार्थ चतुर्वेदी, प्रोफेसर राजीव प्रकाश होंगे। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान करेंगे। समारोह में 189 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 195 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी ।

- **दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका करेंगे**

### 195 को पीएचडी की उपाधि

आर्टस 62, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट 14 , एजुकेशन एंड फिजिकल एजुकेशन 15, इंजीनियरिंग 16 , इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एंड कंप्यूटर साइंस 7 विधि 14 , साइंस 63 फार्मेसी 1, कुल 189 . शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इसी तरह गोल्ड मेडल- आर्टस 69, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट 21 , एजुकेशन एंड फिजिकल एजुकेशन 23, इंजीनियरिं 18 , इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एंड कंप्यूटर साइंस 8, विधि 1 , साइंस 55, कुल 195 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिया जाएगा।

## 133 निष्क्रिय खातेदारों को लौटाए गए 1 करोड़ 40 लाख रुपए

**बिलासपुर।** वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार आपकी पूंजी आपका अधिकार के अंतर्गत वित्तीय विभागों में 10 वर्षों से अधिक निष्क्रिय एवं दावा रहित एफडी खातों के सक्रिय एवं त्वरित निपटान के लिए जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में कैंप का आयोजन लीड बैंक कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा किया गया।



शिविर में विभिन्न बैंकों द्वारा निषक्रिय खातेदारों से संपर्क करते हुए कुल 133 निष्क्रिय खातों में राशि 1.40 करोड़ रुपए का निपटारा किया गया। कैम्प में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल ने कहा कि आपकी पूंजी आपका अधिकार भारत सरकार के इस अभिनव पहल के तहत बैंकों द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। उन्होंने बैंकों से इस मुहीम को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेक खातेदार हैं, जिन्हें ज्ञात भी नहीं है कि उनकी राशि बैंकों में वर्षों से जमा है। बैंकों के लिए निसंदेह उन खातेदारों को पता लगाना कठिन अवश्य है, परन्तु ऐसे कार्य से बैंक अनेक खातेदारों को लाभान्वित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक की कलेक्टोरेट शाखा ने जिला पंचायत के तीन खातों में 31 लाख रुपए से अधिक रकम लौटाया । साथ ही निष्क्रिय खातेदार दुलारिन बाई को 7.49 लाख रुपए वापस करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बैंक से जारी प्रमाण पत्र वितरण किया। भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक क्षेत्र- एक बिलासपुर के अविनाश सोनी ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक निष्क्रिय खातों के निपटान कर खातेदारों को लाभान्वित करते हुए इसके निरंतर प्रयास करने को कहा। सीईओ जिला पंचायत को तीन खातों के रकम वापसी का प्रमाण पत्र सुपुर्द किया। कैंप में नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक अशोक साहू भी उपस्थित थे। कैम्प में विभिन्न बैंक शाखाओं के अधिकारी अपने अपने संबंधित निषक्रिय खातीदारों से संपर्क करते हुए कुल 133 निषक्रिय खातों में राशि 140.01 लाख रुपए का निपटान किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश उरांव ने किया।

### बीमा प्रीमियम पर जीएसटी, दुबले पर दो आषाढ़




**बिलासपुर।** ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन के चेयरमैन ललित अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेंद्र चावड़ा, सचिव रूपरतन सिंह, कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य बीमा पर जानकारी देने बैठक ली गई।

बुधवारी बाजार शाखा आयोजित इस बैठक में नए सदस्य अश्विनी कुमार सूद व पार्थो घोष का स्वागत किया गया। चेयरमैन श्री अग्रवाल ने बताया कि यह बैंकर्स का दुर्भाग्य ही है कि ना तो वे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ ले सकते है, ना ही उनके पूर्व नियोक्ता द्वारा अन्य संस्थानों की तरह स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाता है। श्री अग्रवाल ने बताया कि पीएनबी ने कई साल पहले ओरियन्टल एश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड से प्रत्येक स्टॉफ के लिए उनके सेवानिवृत होने पर प्रतिवर्ष 50 हजार रुपए का समूह स्वास्थ्य बीमा लिया गया था। कुछ सदस्यों द्वारा स्वयं प्रीमियम का भुगतान कर प्रतिवर्ष 4 लाख 50 हजार का अतिरिक्त बीमा लिया गया था, लेकिन आईआरडीए के नियन्त्रण के बाद भी स्थानीय ओआईसी की शाखाओ में इसकी कोई जानकारी नहीं है। पीएनबी द्वारा सेवानिवृत स्टॉफ से एकमुश्त 5 हजार रुपए लेकर नाममात्र का बीमा दिया जाता है। ऐसे में मजबूर होकर सेवानिवृत बैंकर्स को स्वास्थ्य लाभ लेने प्रतिवर्ष 70 से 80 हजार रुपए बीमा प्रीमियम के रूप में भरना पड़ता है। बैठक में सचिव रूपरतन सिंह, कैलाश अग्रवाल, अश्विनी कुमार सूद, पार्थो घोष, रवि टण्डन, रमेश कोशले, रामकुमार जायसवाल, नागो राव पुडके, गणेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### जीआरपी ने यात्रियों को लौटाया 64 मोबाइल

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों के चोरी किए गए 64 मोबाइल को बरामद करते हुए जीआरपी ने यात्रियों को वापस किया है। पुलिस अधीक्षक रेल श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने बताया कि सभी जीआरपी थाना प्रभारियों को सायबर सेल की मदद से अधिक से अधिक मोबाइल सीईआईआर पोर्टल से बरामद करने निर्देशित किया गया था। इसके तहत जीआरपी और सायबर सेल की टीम लगातार चोरी, गुम मोबाइल को ट्रेस कर रही थी।

इस दौरान गुम और चोरी गए मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रेस किया गया, जिसमें 51 गुम मोबाइल और 13 लावारिस मोबाइल सहित 64 मोबाइल कीमत 13 लाख रुपए को मध्यप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिले से बरामद किया गया। इसमें वर्ष 2023-24 एवं 2025 के मोबाइल हैं। सभी मोबाइल मालिकों को उनके मोबाइल वापस कर दिए गए हैं।

## बिजनेस प्लस

### इलेक्ट्रानिक बर्ड में मेगा फेस्टिवल, जीतो लाखों के इनाम

**बिलासपुर।** इलेक्ट्रानिक बर्ड में धनतेरस व दीपावली पर्व को देखते हुए अपने ग्राहकों के लिए मेगा फेस्टिवल आफर प्रारंभ किया गया है। इसके इसके अंतर्गत ग्राहकों को जीतो लाखों के इनाम जीतने का मौका मिलेगा। इसके संचालक ने बताया कि जीएसटी में कटौती का सबसे बड़ा फायदा सीधे ग्राहकों को मिल रहा है। अब एसी और एलईडी पर जीएसटी दर 28% से घटकर 18% हो गई है। इसका सीधा 10% अतिरिक्त लाभ हम ग्राहकों को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन 7 शानदार ऑफर्स के साथ अपनी बचत को करें कई गुना। इसमें जीएसडी स्पेशल लाभ एसी और एलईडी की खरीद पर 10% का अतिरिक्त सीधा डिस्काउंट के साथ मिल रहा है। हर खरीदारी पर निश्चित इनाम, तुरंत जीतें स्पीकर, एयरपॉड्स, स्मार्टवॉच, नेकबैंड और ढेरों आकर्षक उपहार, चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर कंपनी की तरफ से अतिरिक्त वारंटी पाएं। हमारे यहाँ हर खरीदारी पर आपको मिलेगा एक निश्चित आकर्षक फ्री गिफ्ट। इन सभी ऑफर्स के पर पाएं। मेगा फेस्टिवल आफर के तहत पहला इनाम स्कूटर दिया जा रहा है। इसके अलावा जीतो 101 इनाम की घोषणा भी की गई है। दूसरा इनाम स्कूटी है। 10 हजार 500 कैश बैक की सुविधा भी है। 24 माह के ईएमआई के साथ अपनी मन पसंद प्रोडक्ट ले जा सकते हैं। एसी की खरीदी पर 3 सर्विस फ्री है। 75 इंच एलईडी जेमीनी टीवी 64 हजार 990 रुपए, 43 प्लस 32 इंच स्मार्ट एलईडी टीवी 16 हजार 990 रुपए में, 43 इंच एलईडी टीवी 590 रुपए के ईएमई है। इसके अलावा अन्य प्रोडक्ट की खरीदी पर भी निश्चित उपहार दिया जा रहा है। आफर की धूम मची हुई है। संचालक ने बताय कि ग्राहकों का हमे अच्छा प्रतिसात मिल रहा है। इसके अलावा धनतेरस एवं शादी की बुकिंग भी इसी आफर के साथ करा सकते हैं।




### न्यू जनरेशन लेकर आया है फैशनेबल कलेक्शन

**बिलासपुर।** न्यू जनरेशन इस दिवाली अपने ग्राहकों के लिए लेकर आया है फैशनेबल कलेक्शन और नई पीढ़ी के लिए बेहतर स्टाइल। जो देखने में आकर्षक व सुंदर है। संस्था के संचालक ने बताया कि त्यौहारों का मौसम आते ही बाजारों में रौनक बढ़ जाती है और जब बात फैशन की हो, तो हर कोई चाहता है कि उसका लुक सबसे अलग और आकर्षक लगे। इसी सोच के साथ न्यू जनरेशन द क्म्पलीट फैमली स्टोर लेकर आया है एक ऐसा फैशनेबल कलेक्शन, जो हर पीढ़ी के स्टाइल को जोड़ता है। यहां मेंस, वुमेन्स और किड्स, सभी के लिए ट्रेंडी और ट्रेडिशनल दोनों तरह के आउटफिट्स की शानदार रेंज उपलब्ध है। चाहे पारंपरिक त्यौहार का जश्न हो या फैमिली गेट-टुगेदर, न्यू जनरेशन में हर किसी के लिए है एक परफेक्ट लुक। खुशियों को पहनें, यादों को सजाएं – इस त्यौहार लाइफ को फिर सुंदर बनाए। इसी संदेश के साथ फेस्टिवल की खुशियों को चार चाँद लगाने और इस सीज़न को और भी रंगीन बनाने के लिए न्यू जनरेशन बिलासपुर रायपुर तैयार है। न्यू जनरेशन का मानना है कि फैशन सिर्फ कपड़े नहीं, बल्कि यादों और रिश्तों की खूबसूरती को पहनने का एक तरीका है। यही कारण है कि यहाँ का हर परिधान आपकी मुस्कान और आत्मविश्वास को और निखार देता है। तो देर किस बात की आज ही आज ही अपने पूरे परिवार के साथ न्यू जनरेशन पहुंचकर अपनी मन पसंद ड्रेस लेकर अपनी सुंदरता को चार चांद लगाए।



### मित्तल फर्नीचर में दीपावली आफर, 20 प्रतिशत की छूट



**बिलासपुर।** अमेरी चौक स्थित मित्तल फर्नीचर शोरूम के संचालक संजय मित्तल एवं पवन मित्तल ने बताया कि धनतेरस व दीपावली फेस्टिवल आफर चलाया जा रहा है, जिसके तहत 20% की छूट दी जा रही है। इसके साथ ही एक्सचेंज ऑफर भी चलाया जा रहा है। संचालक ने बताया कि हमारे यहां सोफ़ा, बेड, दीवान, अलमारी, क्रोकरी सेट, एलईडी टीवी सेट, कंप्यूटर टेबल, ऑफिस चेयर, रिवाल्विंग चेयर, झूला आदि फर्नीचर रेडी स्टॉप उपलब्ध हैं। कैटलॉग के द्वारा ऑर्डर में भी बनाया जाता है। लोगों की सुविधाओं के लिए आसान बजाज फाइनेंस एवं एचडीएफसी बैंक से फायनेस की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि गत 23 वर्षों से लगातार अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करते आ रही है। हमारी एक और ब्रांच व्यापार विहार में भी स्थित है। वहां भी ऑफर चालू है। इसका लाभ ग्राहक ले सकते हैं।

### कंप्यूटर एंड कंप्यूटर्स में निश्चित उपहार



**बिलासपुर।** होटल मिडाउन कम्पलेक्स टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित कंप्यूटर एंड कंप्यूटर्स में निश्चित उपहार योजना चलाई जा रही है। इसके संचालक विजय सूद ने बताया कि अभी धनतेरस एवं दीपावली पर विशेष ऑफर चलाया जा रहा है। हमारे यहां ऑनलाइन से कम दाम की गारंटी के साथ ब्रांडेड एचपी, डेल, लेनेवो ऐसस आदि के इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध है। ब्रांडेड एवं नॉन ब्रांडेड कंप्यूटर मात्र 10 हजार रुपए से प्रारंभ है। लैपटॉप मात्र 15 हजार रुपए से प्रारंभ है। सभी प्रकार प्रिंटर उपलब्ध है। प्रत्येक की खरीदी पर निश्चित उपहार दिया जा रहा है। साथ ही एक्सचेंज सुविधा भी उपलब्ध है । ग्राहक इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

### जायसवाल एग्रो में दीपावली ऑफर की धूम



**बिलासपुर।** हाईटेक बस स्टैण्ड के पास तिफरा स्थित जायसवाल एग्रो में दीपावली आफर की धूम मची है। इसके संचालक अमित जायसवाल ने बताया कि धनतेरस एवं दीपावली पर विशेष ऑफर दिया जा रहा है। सुरजीत कंपनी के थ्रेसर, रीपर एवं ट्रैक्टर ट्रॉली, दो चक्के एवं चार चक्के वाले ट्रॉली उपलब्ध हैं। आसान फायनेंस सुविधा भी उपलब्ध है। श्री जायसवाल जी ने बताया जीएसटी कम होने मशीनों के रेट में काफी कमी आई है जिसका लाभ किसान भाई उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा चलाई जा रही योजना का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस मशीन को लेने के लिए शहर सहित आसपास के ग्रामीण व किसान बड़ी संख्या मे आ रहे है और अपनी मनपसंद कृषि उपकरण घर ले जा रहे हैं और उन्हें खरीदी पर निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है।

16- OCT- BSP- P-5 ZIN_Layout 1 10/15/2025 12:15 PM Page 1

हरिभूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## लक्ष्मी पूजा के शुभ मुहूर्त

दीपावली पर लक्ष्मी पूजन का सबसे शुभ मुहूर्त प्रदोष काल और वृषभ काल में होता है। प्रदोष काल शाम 5:46 बजे से रात 8:18 बजे तक 2 घंटे 32 मिनट तक, लक्ष्मी पूजा मुहूर्त शाम 7:08 बजे से रात 8:18 बजे तक 1 घंटा 10 मिनट, वृषभ काल शाम 7:08 बजे से रात 9:03 बजे तक 1 घंटा 55 मिनट रहेगा।



# धनतेरस पर तांबा, कांसा व पीतल के बर्तन खरीदकर लोग निभाएंगे परंपरा

दीपों का पर्व दिवाली अब एकदम निकट है। इस पर्व के मद्देनजर लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति व थोक बर्तन बाजार की रौनक बढ़ने लगी है। व्यापारियों का कहना है कि इस फेस्टिवल सीजन में कारोबार बूम करने वाला है। इसकी बड़ी वजह त्योहार से पहले सोने-चांदी के भाव में आई तेजी है। इसे देखते हुए तांबा, कांसा और पीतल के व्यवसाय से जुड़े लोग, धनतेरस पर जरूरी सामान खरीदने की परंपरा निभाने के लिए एक बड़ा वर्ग बर्तन बाजार का रूख करेगा।



**बिलासपुर।** कारोबारियों ने बताया कि इस फेस्टिव सीजन में सिर्फ वर्तन मार्केट में ही लाखों का व्यवसाय होने की संभावना है। इसके लिए दुकान संचालकों के पास लोगों की जरूरत और पसंद के अनुरूप बर्तनों की विशाल श्रृंखला है। बर्तन के साथ ही गणेश, लक्ष्मी की मूर्तियों की डिमाण्ड बढ़ गई है। ज्यादातर लोग धनतेरस और दिवाली की रात पूजा घर में आराध्य देवों की नई मूर्ति को स्थापित करने खरीददारी करते हैं। इस बार लक्ष्मी, गणेश और सरस्वती की संयुक्त मूर्तियों का क्रेज ज्यादा है। अब लोग मिट्टी की मूर्तियों के स्थान पर तांबा-कांसा और पीतल से निर्मित मूर्तियों को खरीदना पसंद कर रहे हैं। लड्डु गोपाल, नारायण और लक्ष्मी, ब्रम्हा और गौरी-गणेश की मूर्तियों के लिए लोग वजन के हिसाब से आर्डर भी कर रहे हैं।



## लक्ष्मी, गणेश की मूर्तियों व श्रीयंत्र की बढ़ी मांग

हरिओम ट्रेडस के संचालक रत्नेश अग्रवाल ने बताया कि उनके पास अष्ट धातु की गणेश व मां लक्ष्मी की मूर्ति एवं नेचुरल स्फटिक से बना श्रीयंत्र है। दिवाली में इन सभी चीजों की मांग बढ़ गई है। लोग इसे लक्ष्मी पूजा के समय पूजा करने खरीददारी कर रहे हैं। सब की रेंज साइज के हिसाब से अलग-अलग है। उन्होंने बताया कि त्योहारी सीजन में ही नहीं बल्कि सामान्य दिनों में भी धातु से निर्मित देवी-देवताओं की मूर्तियों के लिए ग्राहक आते हैं।

### बर्तनों का रहता है क्रेज

धनतेरस पर बर्तन बाजार भी गुलजार रहता है, क्योंकि कई लोग इस दिन बर्तन भी विशेष रूप से खरीदते हैं। दुकान संचालकों ने बताया कि थोक बाजार में तांबे के नए बर्तन को बेच कर पुराने बर्तन को वापस भी लिया जा रहा है। कांसे का रेट भी लगभग तांबे के बर्तन जैसा ही है। बर्तन विक्रेताओं ने बताया कि ज्यादातर लोग पुराने बर्तन को बदलने के बाद और पैसे लगाकर नए बर्तन को धनतेरस के दिन खरीदना पसंद करते हैं। ग्राहकों की पसंद के अनुरूप महानगरों से बर्तन मंगाए गए हैं।



### गृहणियां किचन का सामान लेने में दिखाती हैं रूचि

धनतेरस एक ऐसा पर्व है जिसमें एक वर्ग द्वारा बर्तन की भी अच्छी खरीदी की जाती है। खास कर गृहणियां किचन का सामान खरीदने में ज्यादा रूचि दिखाती हैं। इसे देखते हुए विक्रेता तांबे की बाल्टी, लोटा, गिलास, थाली सहित विविध तरह के प्लेट विविध रेंज में दुकानों में रखे हैं। रिटेलर्स भी बल्क में आर्डर बुक करवा रहे हैं। गृहणियां धनतेरस को खास बनाने किचन की जरूरी सामानों में गुंडी, लोटा, थाली, गिलास, परात, बाल्टी और पेयजल रखने हौला खरीदने में रुचि ले रहे हैं।

## दिवाली पर झालरों से सजने लगे घर, जगमगाएगा शहर



**महिलाएं धनतेरस पर खरीददारी के लिए करने लगी प्लानिंग**

दीपावली महापर्व मनाने शहरवासी उत्साह से तैयारी करने लगे हैं। कपड़े, धनतेरस पर खरीददारी करने प्लानिंग होने लगी है। बच्चे पटाखो को लेकर एकसाइटेड है तो गृहिणियां दीयो, झूमर सहित अन्य डेकोरेटिव आयटम को लेने बाजार पहुंचने लगी है। इससे बाजार में दिन भर हलचल देखी जा सकती है। वहीं घर, संस्थान बिजली झालरों से सजने लगे हैं। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि दीपावली का त्योहार कार्तिक माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। अमावस्या तिथि का प्रारंभ 20 अक्टूबर को दोपहर 3:44 बजे से प्रारंभ होकर 21 अक्टूबर को शाम 5:54 बजे तक रहेगा। लक्ष्मी पूजा हमेशा प्रदोष काल सूर्यास्त के बाद में अमावस्या तिथि के दौरान की जाती है, इसलिए 20 अक्टूबर को ही दीपावली मनाना शुभ और श्रेष्ठ माना गया है।

आयोजन

## बांगला अकादमी द्वारा पत्रिका मातृभाषा का विमोचन



**बिलासपुर।** बांगला अकादमी द्वारा बंगभवन टिकरापारा में 235 वां मासिक साहित्य संगोष्ठी का आयोजन बांगला स्मारक पत्रिका मातृभाषा के विमोचन सहित संगीत, नृत्य एवं कविता पाठ के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्थागत संगीत आमार भाषा तोमार भाषा से हुआ। तत्पश्चात मातृभाषा के प्रधान संपादक डॉ गोपाल चन्द्र मुखर्जी के निर्देशन में अध्यक्ष नमिता घोष, मुख्य अतिथि डॉ हेमन्त चटर्जी सहित विभू रंजन घोष,मानवेन्द्र नाथ चटर्जी,बी.के.गोस्वामी, कल्याणी मुखर्जी, पार्थ प्रतिम भादुड़ी द्वारा अकादमी की बांगला पत्रिका मातृभाषा का विमोचन किया गया। इसके बाद डॉ गोपाल चन्द्र मुखर्जी एवं श्रीमती नमिता घोष द्वारा अपने संबोधन रखे गए। इस अवसर पर 12 जनों को उनकी कृतियों को सम्मान करते हुए सम्मानित किया गया। जिसमे मानवेन्द्र नाथ चटर्जी, डॉ हेमन्त चटर्जी, ब्रजकानू गोस्वामी, पार्थ प्रतिम भादुड़ी, डॉ सोमनाथ मुखर्जी, विभू रंजन घोष, सुब्रत चटर्जी, प्रवीर कुमार घोष, पार्थ सरकार, प्रतिमा पाल, अचिन्तो घटक हैं।

जागरूकता

## मानसिक तनाव दूर करने बताए गए उपाय, कार्यक्रम में हुए फनी गेम्स



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति ने कंपनी गार्डन में वरिष्ठजनों के मानसिक तनाव को दूर करने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इसमें ब्रहमकुमारीज से मंजू दीदी ने मानसिक तनाव के कारण, इसके नुकसान तथा इसे दूर करने के उपायों को बताया। इसमें फनी गेम्स, हास्य काव्य भी शामिल किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंजू दीदी व विद्या गोवर्धन का सम्मान किय गया। कार्यक्रम में शशि आहूजा, रंजना दीक्षित, सत्यभामा अवस्थी, अरविन्द दीक्षित, अनीता दुआ, असर्फी लाल सोनी, रमेश दुआ, अरविन्द दिवाकीर्ति, अनिल काले, विनोद केशरवानी, संगीता केशरवानी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम अध्यक्ष अरविन्द वर्मा एवं सचिव रोशनी दीक्षित के सहयोग से पूर्ण हुआ।

कार्यक्रम

## भारत की विदेश नीति वर्तमान में मील का पत्थर साबित होगी



**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मिशन उन्मुखीकरण राजनीति विज्ञान विषय का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत एवं मोटिवेटर के रूप में उपप्रचार्य डॉ एमएस तंबोली, प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव मल्हार थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ एमएस तंबोली ने उन्मुखीकरण कार्यक्रम को शिक्षकों के लिए एक लक्ष्य आधारित पहल है, जो कि परीक्षा के परिणाम 90 प्रतिशत या उससे अधिक प्रतिशत प्राप्त कर सके। जिले के छात्रों को पढ़ाई का समान अवसर मिल सके और उन्हे शिक्षा अनुकुल माहौल प्रदान किया जाये। राजनीति विज्ञान के संबंध में विषय को रोचक बनाकर पढ़ाने से छात्र-छात्राएं विषय के प्रति रूचि लेते है तथा यूपीएससी एवं पीएससी में सफलता प्राप्त करने में राजनीति विज्ञान विषय में सहायता मिलती है। वर्तमान विदेश नीति के संबंध में बताया कि भारत की विदेश नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में मील का पत्थर साबित होगी। भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों, अंतर्राष्ट्रीय जगत में विभिन्न राष्ट्रों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करके पूरे विश्व में लोक कल्याणकारी राज्य स्थापित करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इस अवसर पर अलग-अलग विषय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम कराकर जिला शिक्षा अधिकारी को बधाई प्रेषित की। मेधावी छात्रो के लिए कार्ययोजना की जानकारी संगीता गुप्ता के द्वारा दिया गया। उक्त उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से प्राचार्य एवं शिक्षक अधिक संख्या में उपस्थिति थे।

सम्मान

## शोध कार्यो की दिशा में कार्य करने पर शहर के युवक का वाराणसी में सम्मान



**बिलासपुर।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में आयोजित एक सम्मान समारोह में शहर के निर्मल कुमार अवस्थी को प्रतिष्ठित "विश्व अनमोल रत्न सम्मान" से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शोध कार्यों को दिशा देने सहित अन्य उपलब्धियों के लिए दिया गया है।

श्री अवस्थी का मुख्य ध्येय भारतीय परंपरागत ज्ञान के वैज्ञानिक स्वरूप की दिशा में उल्लेखनीय कार्य में समर्पित भारत की वनस्पति, जैव विविधता, लोक स्वास्थ्य परंपरा और दुर्लभ औषधीय के संरक्षण, संवर्धन को लेकर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। श्री अवस्थी वर्तमान में राज्य वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से दुर्लभ औषधीय पौधों की पहचान और दस्तावेजीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वे भारतीय स्वदेशी चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य में उनकी निष्ठा को लेकर कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किए जा चुके हैं।

## स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में विद्यार्थियों ने दिखाई देशभक्ति



**बिलासपुर।** देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में विद्यार्थी अंतर-सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा तृतीय ग्रुप सी के विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, सुभाषचंद्र बोस, चंदशेखर आज़ाद, सावित्री बाई फुले तथा अन्य अनेक महान विभूतियों का रूप धारण कर अपने उत्कृष्ट अभिनय और संवाद प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का हृदय जीत लिया। उनके जोशीले वक्तव्यों और सजीव अभिनय से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जसपाल सिंह माथ ने की तथा प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। निर्णायिका के रूप में रश्मि द्विवेदी एवं माया शर्मा उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर श्रेष्ठ प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की संयोजिका बॉबी मथाई रहीं,प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, देशप्रेम और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करते हैं, बल्कि उन्हें हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से भी परिचित कराते हैं। कार्यक्रम का संपूर्ण मंच संचालन कक्षा तीसरी की छात्रा आश्विका शाह द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता की सफलता में सभी शिक्षिकाओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके संवाद, पोशाक, और प्रस्तुति की तैयारी में निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया।

## सतर्कता की भावना को जन-जन तक पहुँचाने एसईसीएल में नुक्कड़ नाटक





**बिलासपुर।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार एसईसीएल में चलाए जा रहे 3 माह के निवारक सतर्कता अभियान के तहत मुख्यालय में अंतर-क्षेत्रीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष के सतर्कता अभियान की थीम "सतर्कताः हमारी साझा ज़िम्मेदारी" विषय पर किया गया।

इस प्रतियोगिता में एसईसीएल के सभी मुख्यालय, संचालन क्षेत्रों, वर्कशॉप्स सहित 17 टीमों ने भाग लिया और अपने सशक्त व प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को न केवल प्रभावित किया बल्कि सतर्कता जागरूकता का सशक्त संदेश भी दिया। यह आयोजन एसईसीएल में चलाए जा रहे तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान का एक प्रमुख हिस्सा है, जिसका उद्देश्य संगठन में पारदर्शिता की संस्कृति को सुदृढ़ करना और प्रत्येक कर्मचारी में निष्ठा एवं जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना है। अभियान के तहत एसईसीएल कर्मियों, स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम, ग्राम सभाएँ, सत्यनिष्ठा शपथ, पौधरोपन कार्यक्रम जैसे आयोजन किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से भ्रष्टाचार के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता फैलाई जा रही है।

25वीं राज्य शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का दूसरा दिन

## बेसबाल और कबड्डी में बिलासपुर संभाग का दबदबा

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** 25वें राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के कबड्डी और बेसबाल में बिलासपुर संभाग की टीम का दबदबा रहा। वहीं रायपुर की टीम ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल किया।

लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार जिला प्रशासन और जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 18 अक्टूबर तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बेसबाल 14, 17, 19 वर्ष बालक-बालिका के खेल छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान और पुलिस ग्राउंड मैदान में, कबड्डी 14, 17 वर्ष बालक-बालिका के खेल पिंक स्टेडियम मैदान और सेजेस तिलक नगर स्कूल में और कराते 14, 17, 19 वर्ष बालक-बालिका के खेल सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर में खेले जा रहे है। शामिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए बालक वर्ग के आवास अम्बेडकर स्कूल, मिशन उच्चतर माध्यमिक शाला बृहस्पति बाजार, राजेन्द्र नगर स्कूल, सेजेस उमावि तिलक नगर, मोहंती हिंदी माध्यमिक कन्या उमावि तिलक नगर, हरि मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर, सेजेस उमावि लाल बहादुर शास्त्री उमावि, बालिका वर्ग के लिए आवास व्यवस्था बर्जेस आंग्ल माध्यम उमावि, पंडित देवकीनंदन दीक्षित कन्या शाला, सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल मिशन अस्पताल रोड, सेजेस उमावि लाला लाजपतराय खपरगंज में की गई है।



### दूर की जा रही कमी

सभी संभाग के बच्चे अपनी-अपनी विधा में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बच्चे बेहतर माहौल में खेल और अपना बेस्ट परफॉर्मेंस दे इसके लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। कोच मैनेजर मैनेजर और अन्य ऑफिशियल स्टाफ के द्वारा कहीं भी कोई कमी की जानकारी हम तक पहुंचते ही कमियों को तत्काल दूर किया जा रहा है।

**-वर्षा शर्मा**, सहायक संचालक

### कराते में रायपुर के ओंकार प्रथम

इसी तरह कराते 17 वर्ष बालक 35 किग्रा में ओंकर रायपुर प्रथम, अभिषेक बिलासपुर द्वितीय, गेवेश सेठिया बस्तर तृतीय, 40किग्रा में आशीष केशवानी दुर्ग प्रथम, हर्ष चक्रधारी बिलासपुर द्वितीय, मुकेश कुमार रायपुर तृतीय, 45 किग्रा में हर्ष यादव बिलासपुर प्रथम, हर्ष नाग रायपुर द्वितीय, दक्ष साहू दुर्ग तृतीय, 50किग्रा में वीरेंद्र गुप्ता रायपुर प्रथम, भास्कर साहू दुर्ग द्वितीय, नलीन यादव बिलासपुर तृतीय, 54 किग्रा में रुद्र साहू रायपुर प्रथम, युवराज देवांगन बिलासपुर द्वितीय, आलोक दुर्ग तृतीय, 58 किग्रा में हरिओम बिलासपुर प्रथम, चिराग चंदानी रायपुर द्वितीय, धर्मेंद्र दुर्ग तृतीय, 62किग्रा में वेंकटेश साहू रायपुर प्रथम, अरमान खान दुर्ग द्वितीय, अवल राठौर बिलासपुर तृतीय, 66 किग्रा में उमेश साहू दुर्ग प्रथम, सोमेश्वर बस्तर द्वितीय, गिरिराज रायपुर तृतीय, 70 किग्रा में ऋषभ साहू रायपुर प्रथम, तुषार तुल दुर्ग द्वितीय, प्रद्युमन गोयल बिलासपुर तृतीय, 74 किग्रा में निर्भय साहू बिलासपुर प्रथम, ऋषभ शर्मा रायपुर द्वितीय, 78 किग्रा में युवराज दुर्ग प्रथम, बंधुराम बस्तर द्वितीय, 82 किग्रा में हर्षित साहू रायपुर प्रथम, ऋषभ पांडे बस्तर द्वितीय, 82+ किग्रा में यमंक यादव बिलासपुर प्रथम, ओम डडसेना रायपुर द्वितीय स्थान पर रहे।



### स्केटिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम

18वीं राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शहर का नाम पूरे छत्तीसगढ़ में रोशन करते हुए, सैंडबॉक्स इनोवेशन के छात्रों ने रायपुर में आयोजित शानदार प्रदर्शन किया। फिजिकल कल्चर सोसायटी नगर निगम द्वारा पिंक स्टेडियम में अभ्यास करके तैयारी करने वाले इन बच्चों ने कोच तन्मय नायर के मार्गदर्शन में कुल 31 पदक जीतकर इतिहास रच दिया। जिसमें 10 स्वर्ण, 12 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं। यह अभूतपूर्व उपलब्धि न केवल छात्रों के परिश्रम, बल्कि उनके कोच की समर्पित मेहनत और स्टेडियम की सुविधाओं का भी सुखद परिणाम है।

16- OCT--REGNOL-pg-6 -COMMAN_Layout 1 10/17/2025 12:03 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### कृषि उपज मंडी सारधा में किसान मेला आज

लोरमी। कृषि ऊपज मंडी प्रांगण सारधा में शुक्रवार 17 अक्टूबर को किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेला सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक लगेगा। कृषि विभाग ने अधिक से अधिक संख्या में किसानों को मेले में शामिल होने की अपील की है।

### व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन



लोरमी। लोरमी महाविद्यालय में एक दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, जीवन लक्ष्य, कैरियर निर्माण, व्यसन मुक्ति एवं राष्ट्र जागरण में युवा शक्ति का नियोजन के प्रति जगरूक किया गया। प्रांतीय टोली के सुरेंद्र गुप्ता, योगेश साहू, राजेश देवांगन, रोमा साहू और टीका राम आदि ने प्रस्तुतियों के माध्यम से विभिन्न विषयों की जानकारी दी। इस अवसर पर अश्विनी मरावी, शालिनी कश्यप, इंद्रजीत ध्रुव, श्रीधर कश्यप, नोहर राजपूत, राजेन्द्र ध्रुव, सुखराम साहू, भूपेंद्र साहू, देवानंद साहू आदि ने अपना सहयोग दिया।

### इंडोफिल इंडस्ट्रीज का पौधरोपण कार्यक्रम शुरू



मुंगेली। इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी के 50 हजार पौधरोपण के लक्ष्य की शुरुआत 16 अक्टूबर को शासकीय प्राथमिक शाला चकरभाठा प्रांगण से हुई। इस अवसर पर 50 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर बिलासपुर संभाग के प्रतिनिधि तुषार रहंगडाले, मुंगेली संभाग के प्रतिनिधि देवीलाल साहू, शासकीय प्राथमिक शाला चकरभाठा के प्रधान पाठक रामकुमार पैकरा, शिक्षक रोहित साहू, दिलेश्वर टोंडे एवं ग्रामवासी और स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कंपनी के इस योजना की सभी ग्रामवासी एवं शिक्षकों ने सराहना की।

## निधन

### शीला त्रिवेदी



बिलासपुर। राजकिशोर नगर निवासी शीला त्रिवेदी का 16 अक्टूबर को निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार पं देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे पं विश्वमोहन त्रिवेदी की पत्नी थीं।

### छेदी दास वैष्णव



बिलासपुर। बंधवापारा सरकंडा निवासी छेदीदास वैष्णव देवरीवाले का 16 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेश व रुद्रेश्वर के पिता थे।

### जी. सरस्वती



बिलासपुर। कासीमपारा सोमगली निवासी जी. सरस्वती का 16 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जी. के मूर्ति की पत्नी, जी. श्रीनिवास, आर शशिकला, के.पद्मजा की माता थीं।

### किशोर काले



बिलासपुर। गंगानगर सेक्टर 2 निवासी किशोर काले का निधन 62 वर्ष की उम्र में गुरूवार को हो गया,उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे पारस काले के पिता व राज बाकरे के ससुर थे।

### अभिषेक विश्वकर्मा



बिलासपुर। पचरीघाट निवासी अभिषेक विश्वकर्मा (गोलू) का निधन 16 अक्टूबर को हो गया। वे 27 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मधुबन में किया गया। वे अमित विश्वकर्मा (शेरू) एवं अनूप विश्वकर्मा (पप्पू) के भाई थे।

### मुरली विश्वकर्मा



बिलासपुर। जूना बिलासपुर स्थित कुम्हारपारा निवासी मुरली विश्वकर्मा का निधन हो गया। वे 58 के थे। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं पुत्री छोड़ गए हैं।

### अपने बचपन के विद्यालय पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री

# देश के नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाना केंद्र सरकार का उद्देश्य: तोखन

छात्राओं को वितरित की सायकलें





कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू व उपस्थित छात्र-छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने पीएम बीआर साव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, मुंगली में आयोजित निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर छात्राओं को सायकल वितरित की।

इस मौके पर श्री साहू ने कहा यह विद्यालय उनके बचपन की स्मृतियों से जुड़ा है। यहीं से उनकी शिक्षा की यात्रा प्रारंभ हुई थी। आज इन्हीं कक्षाओं में नई पीढ़ी को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर देखना उनके लिए अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विज़न की आधारशिला हैं। हर शिक्षित और सशक्त बालिका भविष्य के भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखती है। केंद्र सरकार का उद्देश्य हर नागरिक, विशेषकर युवाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भरता के मार्ग पर अग्रसर करना है, ताकि सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार किया जा सके। कार्यक्रम के पश्चात श्री साहू ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी रिफॉर्म्स सम्मेलन में भी भाग लिया, जहां उन्होंने व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ आर्थिक सशक्तिकरण, पारदर्शिता और उद्यमिता के प्रोत्साहन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता, पारदर्शिता और समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर है और यह जनभागीदारी ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। इस दौरान दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला एवं उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों की उपस्थिति में साइकिल वितरण से छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

### आत्मानंद दाऊपारा की 45 बालिकाओं को मिली सायकल

मुंगेली। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार निशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यम की कक्षा 9वीं की 45 बालिकाओं को सायकल वितरित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक मौजूद रहे एवं अध्यक्षता शाला प्रबंधन व विकास समिति अध्यक्ष रामशरण यादव ने की। शाला प्राचार्य डॉ आईपी यादव ने बताया कि, यह राज्य शासन की बालिकाओं के लिए महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े एवं सामान्य वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले पालकों के छात्राओं को प्रतिवर्ष निशुल्क सायकल प्रदान की जाती है। एसएमडीसी अध्यक्ष श्री यादव ने बालिकाओं को मन लगाकर पढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसएमडीसी सदस्य सौरभ बाजपेयी, डॉ हीरालाल साहू, रमेश बुनकर, पार्षद अजय साहू, कुलदीप पाटले, गणमान्य नागरिक राकेश साहू, हरि परिहार, यश गुप्ता, मोहित यादव, व्याख्याता महादेव यादव, प्रभारी जेबा तबस्सुम, राहुल वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, उमाशंकर साहू व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू उपस्थित रहे।





# जनपद स्कूल के बच्चों ने बनाई फ्री स्टाइल रंगोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

शासकीय जनपद प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में दीपावली पूर्व बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। जनपद स्कूल परिसर सादर बाजार में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने फ्री स्टाइल में रंगोली बनाई।

आकर्षक रंगोली के निरीक्षण के लिए कपड़ा व्यापारी दिलीप सचदेव कमल गुप्ता, किशन गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही संस्था प्रमुख शिवपाल सिंह क्षत्रीय का विशेष सहयोग प्रदान किया। बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार वितरण किए गए, जिसमें प्रथम कार्तिक धुरी, सुनीता धुरी, खुशी, मिडिल लेवल में पिंकी, बबीता, सिमरन, सुमन को पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने इस आयोजन में बहुत सुंदर रंगोली बनाई।

कपड़ा व्यापारी विनोद तोलानी ने पुरस्कार वितरण करते हुए कहा कि, स्कूल में बच्चों को ऐसी अवसर प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन दिलीप तोलानी ने किया। इस अवसर पर शकुंतला क्षत्रीय, लक्ष्मी श्रीवास्तव, ब्रजेश शर्मा, विद्यावती देवांगन, लता यादव, जलेश्वर कोशले सहित शाला परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# तक्षशिला जोंधरा में सीपीआर जनजागरूकता कार्यक्रम



मल्हार। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई तक्षशिला उमावि जोंधरा के विद्यालय प्रांगण में सीपीआर जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार सिन्हा एवं जिला संघटक कांति अंचल के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोंधरा के डॉक्टर अनिल कुमार दिनकर, अजय काठोतिया, रूपविलास साहू तथा कामता प्रसाद पटेल ने विद्यार्थियों को सीपीआर की विधि, उसकी उपयोगिता एवं जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी दी।
उन्होंने आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, सीपीआर जैसी तकनीकें जीवन बचाने में कितनी प्रभावी सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूकता लाना तथा उन्हें आपातकालीन स्थिति में त्वरित और सही प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल, कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर सहित शिक्षक राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू एवं प्रीतम पटेल उपस्थित रहे। स्वयंसेवक विद्यार्थीयों में कुंती, निहारिका, गीतांजलि, शिवकुमार, साहिल कुमार, गीता, स्नेहा, सूर्यकान्त, प्रतीक्षा, निशा, कामिनी, रीमा, मुस्कान, खुशबू पटेल, रिया पटेल एवं महेंद्र पटेल ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# ऊर्जा सिर्फ संसाधन नहीं, यह हमारे जीवन की धड़कन: खेर



- नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण पर हुआ क्विज़

सीपत। शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ स्थापना रजत जयंती के उपलक्ष्य में नवीकरणीय ऊर्जा एवं ऊर्जा संरक्षण विषय पर क्विज़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छग राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा), जिला कार्यालय बिलासपुर के सौजन्य से तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस खेर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य डॉ. खेर ने कहा कि ऊर्जा सिर्फ संसाधन नहीं, यह हमारे जीवन की धड़कन है। यदि आज हम ऊर्जा का संरक्षण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां हमें क्षमा नहीं करेंगी। हर विद्यार्थी को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह ऊर्जा बचाओ, भविष्य सजाओ के मंत्र को अपने जीवन में अपनाए। डॉ. खेर ने विद्यार्थियों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल ज्ञानवर्धक होती हैं बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में पहला कदम भी हैं। क्विज़ प्रतियोगिता में 84 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के संयोजक भौतिकशास्त्र विभागाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार देवांगन थे। प्रथम स्थानः सरोजनी बीएससी. तृतीय सेमेस्टर , द्वितीय स्थान विनीत टांडे एवं जिया सूर्यवंशी बी.एससी तृतीय सेमेस्टर, तृतीय स्थान स्नेहा बी.एससी बायो तृतीय सेमेस्टर एवं हरीश दास बीएससी गणित तृतीय सेमेस्टर। विजेताओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्रेडा जिला कार्यालय बिलासपुर से पद्माक्ष तिवारी तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एमडी स्वर्णकार, नीना बखरिया, श्वेता पंड्या, डॉ. शुभ्रा मिश्रा, जीवन प्रभाकर गोरे, शत्रुघ्न घृतलहरे, वंदना श्रीवास्तव, डॉ. पूजा यादव, स्वाती पाण्डेय, सुकृति नायक, दीपेश जोशी, विमल तिवारी, एवं धनंजय टंडन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमा वाणी के साथ किया गया और अंत में संयोजक भूपेंद्र कुमार देवांगन ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# अमृत मिशन के काम में लापरवाही, जनता नाराज

रतनपुर। नगर पालिका क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार अमृत मिशन योजना के अंतर्गत खूंटाघाट बांध से पूरे नगर को नल से जल आपूर्ति किए जाने की महत्वाकांक्षी योजना का कार्य प्रारंभ किया गया है। करोड़ों रुपये की इस योजना पर अब सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों ने ठेकेदार और कार्य एजेंसी पर मनमानी करने और शासन के निर्धारित मापदंडों की अवहेलना करने का आरोप लगाया है।

निवासियों का कहना है कि पाइप लाइन बिछाने के लिए नगर की मुख्य और उप मार्गों को बिना किसी तकनीकी मानक और योजना के बेतरतीब ढंग से खोदा जा रहा है। कई जगहों पर गड्ढे बिना समतल किए ही छोड़ दिए गए हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान यह स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया है कि कार्य में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने का कार्य लापरवाही से किया जा रहा है और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। इससे भविष्य में जलापूर्ति प्रणाली पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। नगर के आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। कई सामाजिक संगठनों ने इस कार्य की जांच कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि शासन और नगर पालिका प्रशासन ने इस पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# गोंड महासभा ने किया मातृशक्ति आशीर्वाद सम्मेलन का आयोजन



सम्मेलन में शामिल समाज के लोग।

तखतपुर। आदिवासी गोंड महासभा तखतपुर के तत्वाधान में मातृशक्ति आशीर्वाद सम्मेलन का भव्य आयोजन ग्राम छोटे बिनौरी में किया गया, जिसमें क्षेत्र की हजारों मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह आयोजन समाज में महिलाओं की भूमिका, सम्मान एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में मितानिनें, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं, जनपद सदस्य, सरपंच, पंचायत समूह की अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सक्रिय सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। समाज प्रमुखों एवं सदस्यों ने मातृशक्तियों का स्वागत व सम्मान पुष्पमाला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर किया। इस अवसर पर गोंड महासभा के पदाधिकारी अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद ध्रुव, उपाध्यक्ष राकेश कुमार नेताम, साधाराम ध्रुव, एमआर पोर्ते, भीखम सिंह चेचाम, जवाहर नेताम, देवीलाल नागेशी, करमू सिंह रतन, समारू पोर्ते, महासचिव जगदीश ध्रुव, भरत लाल मार्को, भंवर सिंह छेदईहा, सचिव आरके नेताम, सहसचिव प्रमोद ध्रुव, श्रवण ध्रुव, विधि सलाहकार विजय पोर्ते, पुरषोत्तम ध्रुव, अमर सिंह मरावी, कोषाध्यक्ष भारत सिंह मरकाम, सह कोषाध्यक्ष हरिशंकर नेताम, महामंत्री रामनाथ पोर्ते, मंगल सिंह मरावी, प्रवक्ता शीतल मरावी, सुरित राम पोर्ते, सांवत राम नेताम, मीडिया प्रभारी सुचित कुमार मरावी पूर्व महासचिव कुंवर सिंह मार्को, वरिष्ठ सदस्य भरत मरकाम सहित अन्य उपस्थित रहे।



# महिलाओं को किया गया पोषण के प्रति जागरूक

तखतपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत गनियारी में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण माह का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार, महिला एवं बाल विकास की सभापति रंजना तुलसी कौशिक, सभापति गीता कृष्णा यादव, सभापति रानी रवि सोनी, जनपद सदस्य कविता महेश यादव, सावित्री बलराम श्रीवास, ग्राम पंचायत की सरपंच एवं परियोजना अधिकारी ज्योति तिवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, कन्या पूजन एवं अन्नप्राशन संस्कार संपन्न किए गए। साथ ही महिलाओं को पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। यह आयोजन महिलाओं के स्वास्थ्य, बच्चों के विकास और समाज में पोषण के प्रति जागरूकता को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही।

### टुल्लू पंप शुरू करते छात्र आया करंट की चपेट में हुई मौत

बिलासपुर। .पचपेड़ी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक नाबालिग छात्र की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिद्यपुरी (ओखर) निवासी क्रांति पटेल पिता लक्ष्मण पटेल उम्र 40 वर्ष ने थाना पचपेड़ी पहुंच पुलिस को बताया कि उसका बेटा दीपक पटेल उम्र लगभग 16 वर्ष जो ग्राम ओखर के हाईस्कूल में कक्षा 9 में पढ़ाई करता था जो गुरुवार सुबह 7:30 के आसपास घर के पीछे बाड़ी में लगे टुल्लू पंप को चालू कर रहे थे तभी करंट की चपेट में आ गया जिससे दीपक मौके पर ही बेहोश हो गया जिसकी परिजनों को जानकारी लगते ही तत्काल गांव में ही स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां मौजूद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# विखं श्रोत समन्वयक ने किया शालाओं का औचक निरीक्षण



लोरमी। विकास खंड श्रोत समन्वयक डीसी डाहिरे एवं संकुल समन्वयक राजेश चक्रधारी ने गुरुवार को संकुल केंद्र डोंगरिया के प्राथमिक शाला गोंडपारा डोंगरिया, बघर्रा, कंचनपुर व प्राथमिक शाला कोसाबाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित मिले। श्री डाहिरे ने एफएलएन अंतर्गत बच्चों से रूबरू होकर उनकी दक्षता की जांच की एवं शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने आवश्यक निर्देश दिए। शिक्षा गुणवत्ता की परख करते हुए उन्होंने बच्चों से गणित, अंग्रेजी के सवाल पूछे। कक्षा पहली में 1 से 100 तक गिनती, कक्षा दूसरी में 1 से 999 एवं कक्षा तीसरी में 9999 तक बच्चों में निर्धारित दक्षता हासिल करने निर्देश दिए। साथ ही भाषा स्तर में कक्षा पहली में वर्ण स्तर, कक्षा दूसरी में शब्द एवं तीसरी में बच्चों की अनुवाद स्तर तक दक्षता प्राप्त करने सभी शालाओं के संस्था प्रमुखों को निर्देश किए। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शत प्रतिशत एंट्री, सभी बच्चों की अपार आईडी दो दिनों में पूर्ण करने निर्देशित किया गया। साथ ही शाला में विद्यार्थी सूचकांक चस्पा करने के निर्देश भी दिए गए।

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एमआईजी- I.-11 (अवंतिका) आबंटी श्री ओम प्रकाश पिता श्री बेचन राम, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 24.11.2025 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 11.04.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्रीमती रुकमणी मरकाम पति श्री पुरुषोत्तम सिंह मरकाम के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र बिलासपुर
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना अंतर्गत निरतू बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास-284, आबंटी श्रीमती ज्योति सिंह ठाकुर पति श्री अजय सिंह ठाकुर को नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 17.09.2021 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को तृतीय क्रेता श्रीमती उत्सर्ग आरती पति श्री आशीष तिवारी को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था /बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र - बिलासपुर

**आम सूचना**

मौजा महमंद, प.ह.न. 44, रा.नि.म. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, अंतर्गत ग्राम पंचायत महमंद जिला बिलासपुर छ0ग0 क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि ख.न. 330/28 मे. (नया ख.न. 330/55) क्षेत्रफल 3656 वर्गफुट है जिसे सरफराज अली पिता श्री समशेर अली निवासी कासिमपारा तोरवा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा श्रीमती सुनीता सिंघल पति श्री अजय कुमार सिंघल निवासी गंगा नगर बिलासपुर छ.ग. के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 15/07/2011, ग्रंथ क्रमांक 19916, पंजीयन क्रमांक 1956 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. के माध्यम से विक्रय किया गया है। उक्त भूमि को श्रीमति सुनीता सिंघल द्वारा श्री राजकुमार सिंह पिता श्री बी.पी. सिंह निवासी देवरीखुर्द बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. को विक्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि पर श्री राजकुमार सिंह का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विक्रय पत्र श्री राजकुमार सिंह से कहीं गुम हो गया है। श्री राजकुमार सिंह द्वारा उक्त भूमि को बंधक कर इंडियन बैंक शाखा व्यापार विहार बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक: 16/10/2025

भवदीय
एम.एल. यादव
अधिवक्ता
एमआईजी 2/14, नर्मदा नगर
बिलासपुर (छ.ग.), मो. 9300325314

**नाम सुधार हेतु सूचना**

श्रीमती राखी पाण्डेय पति श्री अशोक कुमार पाण्डेय, उम्र-52 वर्ष, निवासी-अटल आवास लिंगियाडीह, तह. व जिला बिलासपुर, छग शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती है:-1. यह कि हर्षिता पाण्डेय आत्मजा श्री अशोक कुमार पाण्डेय, मेरी पुत्री है। मेरी उक्त पुत्री लोएला स्कूल बिलासपुर में सत्र-2024-25 में कक्षा दसवी को परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात अपना टी.सी. प्राप्त की है। उक्त टी.सी. में मेरी उक्त पुत्री के पिता का नाम अशोक पाण्डेय दर्ज है जबकि उनके पिता का पूर्ण व सही नाम अशोक कुमार पाण्डेय है। जो कि मेरी उक्त पुत्री के कक्षा दसवी की अंकसूची में उनके पिता का पूर्ण नाम अशोक कुमार पाण्डेय दर्ज है। अत: उक्त टी.सी. में अशोक कुमार पाण्डेय दर्ज किया जाना आवश्यक है।

शपथकर्ता
अशोक कुमार पाण्डेय

न्यायालयः श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)
उमेंद वगैरह.........अपीलार्थीगण
बनाम
गंगाराम वगैरह............उत्तरवादीगण
व्यवहार अपील प्र. क्रं. 18अ/2025
पेशी तारीख 11/11/2025
प्रोसेस क्रं. - 1803/25

प्रति, 1. गंगाराम आ. स्व. महेत्तर उम्र 62 वर्ष, निवासी पेन्ड्रीतालाब बी. तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) 2. श्रीमती गंगाबाई आ. स्व. श्री महेत्तर उम्र 57 वर्ष, निवासी तारबहार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3. श्रीमती सुरूजबाई आ. स्व. श्री महेत्तर उम्र 55 वर्ष, निवासी देवडंगिया पो. दामापुर तहसील पंडरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**समंस/नोटिस**

इस न्यायालय में अपीलार्थीगण द्वारा उत्तरवादीगण के विरूद्ध आदेश 41 नियम 01 व्य.प्र. संहिता के अंतर्गत अपील प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपको उत्तरवादी क्रमांक 01 से 03 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 11.11.2025 को नियत है।

अतः आप उत्तरवादीगण कमांक 01 से 03 स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जायेंगी।

यह आज दिनांक- 10.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी)
प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली,
जिला मुंगेली (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**

### दहेज प्रताड़ना, पति सहित 5 पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शादी के बाद नवविवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले पति सहित पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, कोरबा निवासी एक महिला की शादी वर्ष 2023 में तिफरा निवासी विमल कौशिक से हुई थी। शादी के बाद ससुरालवाले उन्हें दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। प्रताड़ना से त्रस्त होकर महिला अपने मायके चली गई। उन्होंने कोरबा में ससुरालवाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। कोरबा पुलिस शून्य में अपराध कायम कर डायरी सिरगिट्टी पुलिस ने भेज दिया है। सिरगिट्टी पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर पति सहित 5 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 5, 85 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चाकू, चापड़ लहराने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू, चापड़ लहराकर अशांति फैलाने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सूचना मिली कि कंपनी गार्डन के सामने एक युवक चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमकाकर अशांति फैला रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर डबरीपारा निवासी प्रदीप राव उर्फ बब्बू पिता प्रभाकर राव 41 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। इसी तरह कुदूदण्ड शीतला मंदिर के पास लोहे का कत्ता लहराते कुदूदण्ड पानी टंकी निवासी जफर खान पिता रज्जाक खान 24 साल व कुदूदण्ड हनुमान टिला के पास से कुदूदण्ड एसबीटी कालेज के पास रहने वाले दुर्गेश यादव पिता छविलाल को पकड़कर चापड़ बरामद किया गया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 29 से होगा

**बिलासपुर।** क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और काउंसलर मनोरोग भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 29 अक्टूबर से शुरू होगा। कुल 596 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से सूचना जारी की गई है। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के 12 पदों पर भर्ती होगी। जबकि काउंसलर मनोरोग के 2 पद हैं। इसके लिए इसी साल अप्रैल में विज्ञापन जारी किया गया था। अब दस्तावेज सत्यापन होगा। अनुपस्थित रहने वाले एवं अयोग्य पाए जाने पर आगामी भर्ती में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

हरिभूमि की खबर पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, कहा दीवार पर लिखा संदेश वस्तुत: राज्य के प्राधिकार को सीधी चुनौती

# 40 साल पुराने रास्ते को बंद करने पर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी


40 साल पुराने रास्ते को बंद कर लिख दिया 'गुजरने वालों की खूब खातिरदारी की जाएगी'

16 अक्टूबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने 40 साल पुराने रास्ते को बंद करने के मामले को लेकिर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा है कि दीवार पर लिखा संदेश वस्तुतः राज्य के प्राधिकार को एक सीधी चुनौती है, क्योंकि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं है।

हरिभूमि समाचार पत्र ने 16 अक्टूबर के अंक में इस संबंध में खबर प्रकाशित की, इसमें बताया गया है कि कुछ लोगों ने दयालबंद पुल के नीचे रहने वाले 15 परिवारों का रास्ता 40 वर्षों से अवरूद्ध कर रखा है। इससे उन्हें परेशानी हो रही है। इस खबर को हाईकोर्ट ने संज्ञान में लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस विभूदत्त गुरु की डिवीजन बेंच में इस मामले को लेकर सुनवाई हुई। इस पूरे मामले में जिला मजिस्ट्रेट बिलासपुर से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर जवाब पेश करने कहा गया है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि स्थिति इतनी विकट है कि बच्चों को कंधों पर उठाकर पुल के नीचे से नदी पार करके स्कूल लाना ले जाना पड़ता है। इसके अलावा बाइक और अन्य वाहनों को मुख्य सड़क या दुकानों पर पार्क करना पड़ता है, क्योंकि नदी के कारण गाड़ी चलाना मुश्किल हो जाता है।

बीमारी या आपात स्थिति में स्थिति और खराब हो जाती है। कलेक्टर से मामले की शिकायत करने के बाद जगह का सीमांकन किया गया, जिसमें फुटपाथ दिखाया गया। इसके बाद भी एक लोहे का गेट लगा दिया गया और एक चारदीवारी खड़ी कर दी गई, जिसपर दीवार पर एक नोट लगा है कि उस रास्ते से गुजरने वालों के साथ उचित व्यवहार किया जाएगा, यानी उक्त फुटपाथ को अवरूद्ध करने वाले व्यक्ति द्वारा धमकी दी गई है।


### 15 परिवारों का रास्ता अवरूद्ध

मजबूरीबस 15 परिवारों के 40 से अधिक सदस्य लिंगियाडीह जाने वाले रास्ते पर दयालबंद पुल के नीचे वर्षो से अपनी जमीन पर रह रहे हैं और उनके आने-जाने के लिए एक फुटपाथ भी है, जिसे पूरी तरह से अवरूद्ध कर दिया गया है। पूरी जमीन खसरा संख्या 175/1 से 175/9 के अंतर्गत आती है और कई लोगों के पास जमीन के दस्तावेज भी हैं। निवासियों ने बताया कि रास्ता अवरूद्ध करने वाले लोग जमीन खरीदना चाहते थे और जब वे इसमें सफल नहीं हुए तो वे दबाव बनाने का तरीका अपना रहे हैं और उन्हें परेशान किया जा रहा है। इन निवासियों की शिकायत के बाद राजस्व विभाग की एक टीम ने निरीक्षण किया और एक पंचनामा तैयार किया, जिसमें पाया गया कि सभी निवासी वर्षो से उक्त पगडंडी से आवागमन करते आ रहे हैं। निरीक्षण में यह भी पता चला कि राजस्व अभिलेखों में भी उक्त पंगडंडी दयालबंद रोड तक जाती है। जिस दीवार पर उपरोक्त संदेश लिखा गया है वहां एक गेट बंद है और एक महिला उक्त रास्ते से जाने के लिए उक्त बंद गेट पर चढ़ रही है। दीवार पर लिखा संदेश वस्तुतः राज्य के प्राधिकार को एक सीधी चुनौती है क्योंकि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं है।

### जिला मजिस्ट्रेट से मांगा व्यक्तिगत हलफनामा

हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर जिला मजिस्ट्रेट, बिलासपुर को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई से पहले इस मामले में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दायर करें कि जिला प्रशासन ने उस व्यक्ति के खिलाफ क्या कदम उठाए हैं जिसने दीवार खड़ी कर दी है और फुटपाथ को अवरूद्ध कर दिया है, जिसका उपयोग पिछले 40 वर्षो से किया जा रहा था जैसा कि बताया या है और दीवार पर उपरोक्त संदेश लिखा गया है। इस मामले को 28 अक्टूबर 2025 को सुनवाई के लिए तय किया है। वहीं रजिस्ट्रार न्यायिक और राज्य अधिवक्ता को निर्देश दिया है कि वे इस आदेश को आवश्यक सूचना और अनुपालन के लिए तत्काल जिला मजिस्ट्रेट बिलासपुर को प्रेषित करें।

## प्रशासन ने तोड़ी दीवार, शुरू हुआ आवागमन


अतिक्रमण कर बनाई गई दीवार को तोड़ता युवक।

खबर का असर

दयालबंद पुल के नीचे 40 साल से रह रहे पंद्रह परिवारों के आवामन का रास्ता अब साफ हो चुका है। प्रशासन ने अतिक्रमण कर बनाई गई दीवार तोड़कर न केवल रास्ता सुचारू कर दिया, बल्कि रास्ते को व्यवस्थित बनाकर देने का आश्वासन भी दिया है।

हरिभूमि में दिनांक 16 अक्टूबर को '40 साल पुराने रास्ते को बंद कर लिख दिया गुजरने वालों की खूब खातिरदारी की जाएगी' शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से मौके पर पहुंचकर संजय छापरिया नामक व्यक्ति के द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गई दीवार ढहा दी। क्षेत्र के निवासी कल्पनाथ मौर्य ने बताया कि इस संबंध में यहां रहने वाले 15 परिवारों ने एक सप्ताह पहले प्रशासन को शिकायत की थी। जिस पर अब कार्रवाई की गई। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई को संतोषजनक व स्वागत योग्य बताया है। इसी तरह शकुंतला कश्यप ने बताया कि आने जाने पर मोहल्ले के ही दो लोगों के द्वारा जान से मारने की धमकी



भी दी जाती थी। इसके कारण बच्चों को नदी पार कर स्कूल से लाना, ले जाना पड़ता था। अब प्रशासन की कार्रवाई के बाद आवागमन सुलभ हो सकेगा।

### ढहा दी गई है दीवार

संजय छापरिया नामक व्यक्ति के द्वारा दयालबंद पुल के नीचे निस्तारी पगडंडी रास्ते पर पक्की दीवार बनाकर अतिक्रमण करने की शिकायत मिली थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए दीवार ढहा दी गई व आवागमन सुचारू कर दिया गया है।

-प्रकाश चंद्र साहू, तहसीलदार बिलासपुर

# रायपुर रोड में कार पर बोतल रखकर शराब पी रहे छात्रों ने ट्रैफिक प्रधान आरक्षक से की हुज्जतबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कार चालक व बाइक चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

गुरुवार की सुबह रायपुर रोड में कार पर शराब की बोतल रखकर शराब पीकर हंगामा मचा रहे एमबीबीएस के छात्र समझाइश देने गए ट्रैफिक थाने के प्रधान आरक्षक से हुज्जतबाजी करने लगे। पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले गई, तो छात्रों ने वहां भी हंगामा मचाया। पुलिस ने कार व बाइक जब्त कर दोनों वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गुरूवार की सुबह रायपुर रोड में कार व बाइक खड़े कर चार युवक



कार के बोनट पर बोतल रखकर शराब पीते हुए हंगामा मचा रहे थे। इसी दौरान पेट्रोलिंग कर रहे ट्रैफिक के प्रधान आरक्षक रफीक खान ने गाड़ी रोककर युवकों को सड़क में शराब पीने से मना किया। युवकों ने अपने आपको राज्य के एक मंत्री का खास बताते हुए हुज्जतबाजी की। प्रधान आरक्षक ने घटना की जानकारी चकरभाठा पुलिस को दी। चकरभाठा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर चारों युवकों को कार व बाइक के साथ थाने ले गई। थाने में भी युवक प्रधान आरक्षक के साथ हुज्जतबाजी करने लगे। इस पर टीआई ने चारों युवकों की जमकर खातिरदारी की। ब्रीद एनालाइजर से चारों के शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 16 सी, 5628 व बाइक जब्त कर दोनों चालकों के खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने की मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 की कार्रवाई की है। बताया जाता है चारों युवकों में तीन एमबीबीएस के छात्र हैं। छात्र होने के कारण युवकों का नाम पता गोपनीय रखा जा रहा है।

### मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई

मुख्यमार्ग पर कार के बोनट पर बोतल रखकर शराब पीते हुए चार युवकों ने ट्रैफिक के प्रधान आरक्षक रफीक खान के साथ हुज्जतबाजी की थी। पकड़े गए युवकों में तीन एमबीबीएस के छात्र होने से कार व बाइक चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई है।

-उत्तम साहू, चकरभाठा टीआई

### 11 केवी केबल जला 3 घंटे बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** दीपावली का त्योहार शुरू हो चुका है, वहीं इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों के चलते बिजली लोड भी अचानक बढ़ चुका है। सुबह 8 बजे गोल बाजार क्षेत्र के अंतर्गत गद्दे वाली गली में अग्रवाल लॉज के सामने 11 केवी का केबल जल गया, जिसके चलते क्षेत्र में 3 घंटे बिजली बंद रही। हाल ही में बिजली विभाग ने मेंटनेंस के नाम पर 4 घंटे बिजली बंद कर मरम्मत और रखरखाव का काम किया है लेकिन इसके बाजवूद शहरीय क्षेत्र में लगातार बिजली बंद हो रही है। गुरूवार की सुबह 8 बजे गोल बाजार क्षेत्र के अग्रवाल लॉज के सामने 11 केवी का केबल जल गया, शार्ट सर्किट के चलते चले केबल के चलते मसानगंज, सरजू बगीचा, मध्यनगरीय चौक के आसपास बिजली बंद रही। बिजली कर्मचारियों ने 10 बजे के बाद केबल सुधारने के लिए मरम्मत का काम किया, नई केबल लाइन लगाई गई। वहीं 11.10 मिनट पर सप्लाई नार्मल की जा सकी।

## फूड सेफ्टी विभाग ने डेढ़ दर्जन दुकानों से लिया सैंपल, अब रिपोर्ट का इंतजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- एक हफ्ते से लगातार की जा रही है कार्रवाई

फूड सेफ्टी एंड ड्रग कंट्रोल विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरूवार को मिलावट और हानिकारण केमिकल से बनी मिठाई और खाद्य सामाग्री को लेकर विभाग लगातार जांच कर रहा है। इस दौरान दुकानों से सैंपल कलेक्ट किए गए है। बताया जा रहा है कि 15 दिवस के भीतर इन सैंपलों की जांच रिपोर्ट विभाग को मिल सकेगी।

विभाग द्वारा मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी अविषा मरावी एवं अंकित गुप्ता ने मेसर्स हरिओम स्वीट्स, तखतपुर से बूंदी लड्डू एवं काजू बरफी का नमूना, मेसर्स सत्यम स्वीट्स तखतपुर से रोल बरफी का नमूना, मेसर्स रायल स्वीट्स राजेन्द्र नगर बिलासपुर से बेसन पात्रा, महेश स्वीट्स तारबाहर से काला जामुन बेकर्स फर्म तारबाहर से मथुरा पेडा, दिल्ली स्वीट्स रिंगरोड बिलासपुर से गोंद लड्डू, का नमूना संकलित कर परीक्षण और विश्लेषण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।


टीम ने शहर के ही मेसर्स मनोज स्वीट्स मुगेली नाका, महामाया स्वीट्स मुंगेली नाका एवं सूर्या रॉयल स्वीट्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर का मिलावट की आशंका के आधार पर टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम विनियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन (मोबाईल वैन) द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में जांच कर रही है। गौरतलब है कि दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री की संभावना हो सकती है।

**आफिस में लगाई आग**

## ड्राइवर ने की ट्रेवलर की 3 गाड़ियों में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

काम से निकालने से नाराज ड्राइवर ने ट्रेवलर की तीन गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ कर आफिस में आग लगा दी, जिससे आफिस में रखा सामान जलकर राख हो गया है। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जबड़ापारा हनुमान मंदिर निवासी संदीप कुमार साहू पिता रमेश कुमार साहू अपोलो हास्पिटल के पास एम्बुलेंस सर्विस व ट्रेवलर का आफिस चलाते हैं। पूर्व में शिकायत मिलने पर उन्होंने ड्राइवर राजेन्द्र केसरी को काम से निकाल दिया था। 15 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे आफिस बंद कर घर चले गए थे। रात 11 बजे पूर्व ड्राइवर रमेश कुमार ने नौकरी से निकालने पर रंजिशवश उनके आफिस के सामने खड़ी कार क्रमांक सीजी 09 जेएफ, 7636, सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 बी, 7456 व एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 10 एफए, 8736 में जमकर तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बाद उनके आफिस में आग लगाकर भाग गया। आग से आफिस का पर्दा, लकड़ी का सामान पंप जलकर राख हो गया था। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर ड्राइवर राजेन्द्र केसरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 324, 2, 326 जी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# रेत का अवैध परिवहन करते 8 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- खनिज विभाग की कार्रवाई

रेत का अवैध परिवहन करने के मामले में खनिज विभाग ने छापामार कार्रवाई कर बुधवार व गुरूवार को 8 वाहनों के विरुद्ध अवैध खनिज परिवहन का मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। इनमें एक ट्रैक्टर में मिट्टी की ईंट थी, शेष सभी सात वाहनों में अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा था। सभी वाहनों को थाने में खड़ा किया गया था।

नदियों में पानी का स्तर कम होते ही रेत को लेकर माफियाओं की अवैध गतिविधियां प्रारंभ हो चुकी है। इससे पहले नदी में जलस्तर अधिक होने के कारण माफियाओं को संग्रहण केंद्रों से अवैध रेत की मनमानी कीमतों पर बिक्री करते देखा गया था। रेत घाट की विधिवत नीलामी भले ही


थाने में खड़ा जब्त ट्रैक्टर।

फिलहाल नहीं हुई है, लेकिन नदी से चोरी कर रेत से काली कमाई करने का खेल चालू हो चुका है। खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण पर कार्रवाई जारी है। इसी के अंतर्गत 15 अक्टूबर को खनिज अमला बिलासपुर द्वारा कुदुदंड, मंगला, पाटबाबा एंव लोखड़ी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। जहाँ मंगला पाटबाबा क्षेत्र अंतर्गत बिना वैध अभिवहन पास के परिवहन कर रहे खनिज रेत लोड 03 ट्रैक्टर व मिट्टी ईट लोड 01 ट्रेक्टर सहित कुल चार वाहनो को जब्त किया गया।

उक्त वाहनों को पुलिस थाना सकरी की अभिरक्षा मे रखा गया है।

इसी प्रकार गुरूवार को कोनी, निरतु, सकरी रतनपुर एंव गढ़वट क्षेत्र का निरीक्षण किया गया, जहाँ गढ़वट क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 04 ट्रेक्टर ट्राली वाहन को जब्त कर पुलिस थाना रतनपुर की अभिरक्षा मे रखा गया है। खनिजों के अवैध खनन,परिवहन,भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है।

### जारी रहेगा अभियान

खनिज विभाग की टीम के द्वारा बुधवार-गुरूवार को आठ ट्रक्टरों की जब्ती कर थानों में खड़ा किया गया है। इससे पहले 11 वाहनों को रेत के अवैध परिवहन के कारण जब्त किया गया था। विभाग का यह अभियान अभी जारी रहेगा।

-किशोर कुमार गोलघाटे, उपसंचालक खनिज विभाग

# व्यापारी से 1 करोड़ की उठाईगीरी, संदेहियों को लेकर अम्बिकापुर से लौटी पुलिस टीम

**बिलासपुर।** रायपुर के सराफा व्यापारी से 1 करोड़ रुपए की उठाईगीरी के मामले में अम्बिकापुर गई पुलिस की टीम तीन चार संदेहियों को लेकर वापस लौट गई है। शहर से दूर साइबर रेंज थाना में रखकर संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले दो लोगों को पकड़कर बोलेरो जब्त की गई थी।

रायपुर निवासी सराफा व्यापारी किशोर कुमार रावल 12 अक्टूबर की रात अम्बिकापुर सराफा दुकानों में सोने के जेवर बेचकर रायल बस से लौट रहे थे। नेहरू चौक में नींद खुली तो उनका


सराफा व्यापारी से 1 करोड़ की उठाईगीरी, 2 पकड़े गए

बैग चोरी हो गया था। बैग में 900 ग्राम सोने की ज्वेलरी व 7 लाख रुपए बिक्री रकम रखा हुआ था। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में रतनपुर बस स्टैण्ड में 4 लोग उनका बेग चोरी कर बस से उतरते नजर आ रहे थे। करोड़ो की चोरी की गुत्थी सुलझाने में पुलिस के आला अफसर, थानेदारों की अलग अलग टीम बनाकर उठाईगीरों को पकड़ने अलग अलग जिला व दूसरे प्रदेश में भेजी गई है। गुरूवार को अम्बिकापुर गई पुलिस टीम 3 से 4 संदेहियों को लेकर लौट गई है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले दो लोगों को व महाराष्ट्र पासिंग की बोलेरो जब्त की गई थी। पुलिस संदेहियों को शहर से दूर साइबर रेंज थाने में रखकर गिरोह के अन्य सदस्यों के संबंध में पूछताछ कर रही है। बहरहाल जेवर व नकद रकम लेकर भागने वाले आरोपियों को पुलिस नहीं पकड़ पाई है।










सुमीत बाजार
निश्चित खरीदारी पर पायें शानदार गिफ्ट
परिवार संग घर सजाएँ, रौशनी भरी दिवाली मनाएँ।
शुभ धनतेरस
मेन्स वियर | लेडीज वियर | किड्स वियर | होम फर्निशिंग | लगेज, बैग | जनरल मर्चेंडाइज
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE - 89820 44000

16- OCT--REGNOL-pg-5-ALTOR_Layout 1 10/17/2025 12:05 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### राइस मिलर्स ने मनाया तोखन का जन्मदिन



**लोरमी।** राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने केन्दीय राज्यमंत्री तोखन साहू के जन्म दिवस के अवसर पर उनके सौजन्य मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर विष्णु बिंदल, नितेश अग्रवाल, बनवारी लाल अग्रवाल, अशोक मंगलानी, राज अर्तनी, शेखर अग्रवाल, धीरज जैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सरपंच संघ ने तोखन से भेंट कर दी जन्मदिन की बधाई



**लोरमी।** ग्राम पंचायत सरपंच संघ के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में विभिन्न ग्रामों के सरपंच एवं संघ के पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के जन्म दिवस पर उनसे सौजन्य मुलाकात कर बधाई दी।

### अधिकारी-कर्मचारियों ने संघ के अध्यक्ष को बताई समस्याएं



**मुंगेली।** नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश पदाधिकारियों के नगर दौरे के अवसर पर जिले के अध्यक्ष देवेंद्र देवांगन, नगर पालिका निकाय अध्यक्ष आनंद निषाद, उपाध्यक्ष प्रतिमा शुक्ला को सर्व सम्मति से नियुक्त करते हुए निकाय की समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारी का अवगत कराया गया। उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष महितोष शर्मा, आनंद निषाद, शुभम भगतनी, गेंदसिंह राजपूत, खिलेश्वर दीक्षित, रामकुमार महिलांग प्रतिभा शुक्ला जुठेल सोनकर, सुरेश देवांगन, यतेंद्र पांडेय, कोमल भास्कर, सुनील यादव, मंजूर खान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजपूत समाज ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञाप, गौरक्षक की रहाई की मांग



**मुंगेली।** राजपूत क्षत्रिय समाज तखतपुर-मुंगेली परिक्षेत्र से समाज के लोगों ने मंगलवार को कलेक्टर को ठाकुर राम सिंह की जल्द रिहाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिलाधीश को यह अवगत कराया गया कि बिल्हा थाना में झूठी केस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है। इस द्वेषपूर्ण कार्यवाही से गौ रक्षक और हिंदू समाज, राजपूत समाज में जमकर आक्रोश है। इस द्वेषपूर्ण कार्रवाई को लेकर मंगलवार को राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 ने मुंगेली जिलाधीश को मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और जल्द ठाकुर राम सिंह की रिहाई की मांग की है। इस अवसर पर दारा सिंह राजपूत, नर्मदा सिंह राजपूत, लखन सिंह राजपूत, तोप सिंह तोमर, अरविन्द सिंह राजपूत, कोमल सिंह ठाकुर पार्षद, मनहरण सिंह, हुकुम सिंह, संतु सिंह, नारायण सिंह राजपूत सरपंच, संजय सिंह राजपूत सरपंच, सुरेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनमोहन सिंह,पंकज सिंह, रविराज सिंह, नरेंद्र सिंह, टेक सिंह, सूरज सिंह, चिम्मन सिंह, माखन सिंह, बहादुर सिंह, क्षेत्रीय मिडिया प्रभारी रवि सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में राजपूत क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

### एनएच जाम करने वालों पर कार्रवाई, 7 गिरफ्तार

**सेतगंगा-मुंगेली।** नेशनल हाईवे 130-ए पर नवोदय विद्यालय के सामने चक्काजाम करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। थाना फास्टरपुर सेतगंगा पुलिस ने नेशनल हाईवे 130-ए पर चक्काजाम करने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा असामाजिक तत्वों, मादक पदार्थ बिक्री व तस्कर एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कड़ी करने का निर्देश दिया गया है। 11 सितम्बर को थाना फास्टरपुर-सेतगंगा में धारा 103(1) बीएसएस के मृतक हेमप्रसाद साहू निवासी शुक्लाभाठा का शव पंचनामा व पीएम कर परिजनों को सुपुर्द किया गया था। मृतक के परिजन जिला अस्पताल से शव ले जा रहे थे, इसी दौरान बिना किसी सूचना के ग्राम दाबो चौक जवाहर नवोदय विद्यालय के सामने नेशनल हाईवे 130-ए पर मृतक के शव को बीच रोड पर रखकर 200 लोगों ने करीब 2 घंटे तक लगभग चक्काजाम आवागमन बाधित किया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने 14 अक्टूबर को आरोपी दिलीप साहू पिता जोहन साहू उम्र 26 वर्ष, भरत साहू पिता लखन साहू उम्र 25 वर्ष, शिवप्रसाद साहू पिता कुहुकराम उम्र 55 वर्ष, हेमंत साहू पिता रामकुमार साहू उम्र 25 वर्ष, बिहारी साहू पिता कुहुक राम उम्र 48 वर्ष, हुन्नर साहू पिता भगतराम साहू उम्र 33 वर्ष एवं डोमेश साहू पिता जगन्नाथ साहू उम्र 19 वर्ष सभी निवासी शुक्लाभाठा थाना फास्टरपुर-सेतगंगा को धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर कार्यपालिक दंडाधिकारी न्यायालय में पेश किया।

## प्रशासन नहीं ले रहा भवन की मरम्मत कराने की रुचि

# बरदुली प्राथमिक शाला भवन की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

बरदुली प्राथमिक शाला भवन की छत का प्लास्टर गिरने के 2 महीने बाद भी स्थिति जस का तस बनी हुई है। ज्ञात हो कि, 7 अगस्त को स्कूल भवन का प्लास्टर गिरने से कक्षा में बैठे दो बच्चे हिमांचुक दिवाकर व आंशिक दिवाकर घायल हो गए थे।

घटना के बाद विभाग हरकत में आया और कक्षा दूसरी जगह लगाने का निर्देश जारी किया गया। विभाग ने भवन की स्थिति का जायजा लेकर उसकी मरम्मत या डिस्मेंटल कराने को लेकर कोई पहल नहीं की, नतीजतन आज भी स्थित वैसी ही बनी हुई है एवं स्कूल भवन का प्लास्टर उखड़ा पड़ा है।




### पैदल दूरी तय करते हैं बच्चे

घटना के पश्चात विभाग के निर्देश दूसरी पंचायत लोहड़िया के आश्रित गांव रामपुर के प्राथमिक शाला भवन में कक्षाएं संचालित होने लगी। यह स्थान दूर होने के कारण बच्चों को काफी दूर पैदल चलना पड़ता है। बरसात में बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते, वहीं कई बच्चे स्कूल जाने के लिए कतराते हैं। इस समस्या को लेकर सरपंच ने कलेक्टर जनदर्शन में गुहार लगाई है, ताकि बच्चों को गांव में स्कूल की सुविधा मिल सके।

### स्कूल प्रांगण में विद्युत ट्राफर्मर से खतरा

स्कूल भवन प्रांगण में विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हआ है, जहां बिजली के तारों के जमीन तक फैले होने के कारण बच्चों के लिए खतरा बना रहता है। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर हटाने का निर्देश भी दिया था, लेकिन आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। प्राथमिक शाला के एचएम अखिलेश शर्मा ने बताया कि, भवन की स्थित जर्जर है एवं सामने विद्युत ट्रांसफार्मर है, जिनके कारण वहां कक्षा लगाना खतरे से खाली नहीं है। विभाग के निर्देशानुसार अन्य भवन में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन दूर होने के कारण बच्चों को परेशानियां हो रही हैं।

### कलेक्टर से की गई मांग

भवन का प्लास्टर गिरने से बच्चों को वहां ना बैठाकर अन्य पंचायत के स्कूल भवन में कक्षाएं के लगाई जा रही हैं। स्कूल भवन की मरम्मत तो दूर, आज तक कोई देखने तक नहीं आया है। भवन को डिस्मेंटल कर नवीन भवन निर्माण कराने का मांग कलेक्टर जनदर्शन में की गई है।

**- रानू तुकाराम साहू**, सरपंच बरदुली

### जानकारी मंगाई जाएगी

प्राथमिक शाला भवन डिस्मेंटल लायक है या नहीं, इसकी सही जानकारी पीडब्ल्यूडी विभाग के निरीक्षण के पश्चात ही दी जा सकती है। यदि डिस्मेंटल के लायक है तो भवन निर्माण की मांग की जाएगी, यदि भवन मरम्मत लायक होगा तो मरम्मत कराई जाएगी। एक बार भवन का निरीक्षण कराकर जानकारी मंगाई जाएगी, तपश्चात आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**- एलपी डाहिरे**, जिला शिक्षा अधिकारी

## जयंती पर याद किए गए डा. कलाम, दी श्रद्धांजलि



**पेंड्रा।** आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उमा विद्यालय पेंड्रा में मंगलवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के सुंदर गार्डन परिसर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नपं अध्यक्ष राकेश जालान एवं विशिष्ट अतिथि प्रशांत उपाध्याय, पूरन छाबरिया, पूर्व सीएमओ मोतीलाल जैन सहित अन्य उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य आरएस आर्मो, ओआर कुरैशी, बी ओगरे, श्री गोविंद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने डॉ कलाम के जीवन, उनके विचारों और योगदान पर भाषण, गीत तथा निबंध प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि राकेश जालान ने कहा कि, डॉ कलाम युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहे है। उन्होंने सिखाया कि, बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का उदाहरण है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिसर में जेट्रोफा पौधे का रोपण किया गया। प्राचार्य आरएस आर्मो ने बताया कि, यह पौधा कलाम जी के उस स्वप्न का प्रतीक है, जिसमें उन्होंने जैव ईंधन से ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा था। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओआर कुरैशी व धन्यवाद ज्ञापन श्री गोविंद ने किया।

## रोजगार सहायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# ग्रामीणों ने की आवास, मनरेगा की राशि में फर्जीवाड़े की शिकायत

**बेलतरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में अनियमितता को लेकर ग्राम पंचायत खैरा के हितग्राहियों ने शिकायत दर्ज कराई गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार सहायक आवास की राशि जारी करने के बदले में हितग्राहियों से प्रति आवास के हिसाब से वसूली करता है। इसके अलावा रोजगार सहायक के खिलाफ मनरेगा मजदूरी की राशि में भी हेरफेर का आरोप भी ग्रामीणों ने लगाया है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि 2021 में रोजगार सहायक के विरुद्ध फर्जी मस्टर रोल भर कर अपने परिवार को लाभ पहुंचाने को लेकर शिकायत की गई थी। मामले की जांच में शिकायत सही पाई गई, लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। रोजगार सहायक मनोज सोनी पर एक आरोप यह है कि, उसने किसी अन्य हितग्राही के आवास की राशि फर्जी तरीके से अपनी मां के नाम पर आहरित कर ली थी। मामले की जांच में बिल्हा सीईओ ने निरीक्षण कराया एवं निरीक्षण दल ने पंचनामा प्रस्तुत भी किया था। विगत 12 सितंबर को भौतिक निरीक्षण किया गया लेकिन ऑनलाइन जिओ टैग तथा भौतिक स्थिति का मिलान नहीं हुआ एवं प्रस्तावित स्थल के नजदीक किसी अन्य हितग्राही के आवास का होना पाया गया। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वन में अनियमितता एवं लापरवाही बरतने के आरोप में रोजगार सहायक के खिलाफ कार्रवाई करने एवं सेवा समाप्त करने की अनुशंसा भी जिला पंचायत में की गई थी। गंभीर आरोपों के बाद भी जिला पंचायत की ओर से रोजगार सहायक मनोज सोनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ता उपसरपंच इंद्राणी मंजारे, पूर्व सरपंच, जलेश्वर कश्यप, उमाशंकर मोहिते, मोहन बिजौरे, रामावतार मंजारे, अशोक कश्यप, सुदर्शन यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने मामले पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### भेजा गया है नोटिस

कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। समय लगता है। रोजगार सहायक को नोटिस भेजा गया है। नोटिस के जवाब के उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

**- संदीप अग्रवाल**
जिपं सीईओ

### नहीं की अवैध वसूली

मेरे द्वारा कोई अवैध वसूली नहीं की गई है। जिन्होंने अपने मन से पैसे दिए हैं, उन्हीं से पैसे लिया हूं, ना कि किसी को दबाव दिया हूं। अपनी मां का आवास बनाया हूं।

**- मनोज सोनी**, रोजगार

## कल्याणिका स्कूल के खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

**गौरेला।** मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल मडना के 6 खिलाड़ियों ने 14 व 15 अक्टूबर को अलवर राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में 12 पदक जीत कर स्कूल, जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया। इन खिलाड़ियों को गोल्डी पाल ने प्रशिक्षण प्रदान किया। स्कूल के प्रबंधक स्वामी हिमांद्री मुनि और प्राचार्य डॉ विनीत गाबा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी। सभी 6 खिलाड़ी अब अंतर्राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता के लिए चयनित हो गए हैं। पदक विजेता आराध्या मिश्रा एकल लाठी में सिल्वर पदक, इस्करा मिश्रा एकल लाठी में गोल्ड पदक, नमन सिंह एकल लाठी में ब्रॉन्ज, मुकुंद अग्रवाल एकल लाठी, ओमैर मीर एकल लाठी में गोल्ड पदक, रिजाकमान सिंह अरोरा एकल लाठी में लाठी प्रहार सिल्वर पदक प्राप्त किए। इस तरह कुल खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 4 रजत व 4 कांस्य पदक अपने नाम किया। प्राचार्य डॉ विनीत गाबा ने कहा कि, मेहनत और समर्पण ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय सफलता दिलाई है। अब वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे। प्रशिक्षिका गोल्डी पाल ने कहा इन खिलाड़ियों ने निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है।

## बीआरएसएम कॉलेज में मनाई गई डा. कलाम की जयंती



**मुंगेली।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान वैज्ञानिक एवं मिसाइल मेन के नाम से प्रसिद्ध डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ जितेन्द्र सिन्हा ने विद्यार्थियों को डॉ कलाम के जीवन मूल्यों और उनके प्रेरक विचारों का स्मरण कराया। उन्होंने डॉ कलाम के प्रसिद्ध वाक्य को उद्धृत करते हुए कहा कि, सपना वो नहीं होता जो हम सोते वक्त देखते हैं, असली सपना वो होता है जो हमें सोने ही न दे। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे, अपने जीवन में इसी विचार को अपनाएं और अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। इस अवसर पर महाविद्यालय के वे विद्यार्थी जो प्रशिक्षण हेतु अन्य संस्थानों में गए हुए हैं, उन्हें भी ऑनलाइन कार्यक्रम से जोड़ा गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से लोगों को नहीं मिल रहा पानी

**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम पौनी में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन दिया। ग्राम पंचायत पौनी में जल जीवन मिशन एवं नल-जल प्रदाय योजना के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है, किंतु वर्तमान में इस योजना के संचालन में अनेक तकनीकी एवं संरचनात्मक समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं, जिसके कारण ग्रामवासियों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल प्राप्त नहीं हो पा रहा है।



ग्रामीणों ने बताया कि, मोटर पंप से लगभग 400 मीटर की दूरी पर स्थापित राइजिंग मेन पाइप लाइन पूरी तरह से जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे पानी टंकी तक नहीं पहुंच पा रहा है। उक्त पाइप लाइन को बदलना अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि टंकी में पर्याप्त मात्रा में पानी भरा जा सके। ग्राम में बिछाई गई पाइप लाइन जगह-जगह से लीकेज हो गई है, जिसके कारण पानी की सप्लाई लगातार बाधित हो रही है। ग्राम की कई गलियों में अब तक पाइप लाइन बिछाई ही नहीं गई, जिससे अनेक परिवार इस योजना के लाभ से वंचित हैं। जिन गलियों एवं घरों में अभी तक नल कनेक्शन नहीं पहुंचा है, वहां शीघ्र नया कनेक्शन प्रदान किया जाए। ग्राम पौनी के सैकड़ों परिवार इस योजना पर निर्भर है। पाइप लाइन की खराबी एवं अधूरी व्यवस्था के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में जल जीवन मिशन की मूल भावना हर घर जल अधूरी साबित हो रही है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि, ग्राम पौनी की उपरोक्त समस्याओं को प्राथमिकता से संज्ञान में लेते हुए जर्जर पाइप लाइन का तत्काल नवीनीकरण कराया जाएं। लीकेज पाइप की मरम्मत की जाएं एवं प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस कार्य से ग्रामवासियों को शुद्ध एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा और जल जीवन मिशन की मंशा साकार होगी।

# सड़कों की बदहाली को लेकर नपा अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**मुंगेली।** नगर में सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर आम नागरिकों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इसी गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम अतिरिक्त कलेक्टर जीएल यादव को ज्ञापन सौंपा।




सौंपे गए ज्ञापन में अध्यक्ष श्री शुक्ला ने बताया कि नगर मुंगेली के मुख्य मार्गों की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है एवं जगह-जगह गड्ढे और टूटी सड़कें आमजनों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। खराब सड़कों के कारण नागरिकों को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, वहीं कभी भी अप्रिय दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी हुई है। अध्यक्ष श्री शुक्ला ने ज्ञापन में कहा कि नगर के चारों ओर मुख्य मार्गों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य तत्काल कराया जाए, जिससे आम नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि, स्वीकृत मुख्य मार्गों के निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द प्रारंभ कराया जाए ताकि जनता को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध हो सके।

ज्ञापन में विशेष रूप से जिन मार्गों की मरम्मत और निर्माण की मांग की गई है, वे मुंगेली-बिलासपुर मार्ग, मुंगेली-पंडरिया मार्ग, मुंगेली-लोरमी मार्ग एवं मुंगेली-रायपुर मार्ग है। स्थानीय नागरिकों ने भी नगर पालिका अध्यक्ष की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि, प्रशासन जल्द ही इन मार्गों की मरम्मत कराकर नागरिकों को राहत प्रदान करेगा। इस दौरान अजय साहू पार्षद, कुलदीप पाटले पार्षद सहित नगर के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ऑटो मोबाइल सेक्टर व सराफा बाजार में लग रही भीड़

# दिवाली से पहले बाजार में आई रौनक, जमकर हो रही खरीददारी

**मुंगेली।** पुष्य नक्षत्र पर दो दिनों के शुभ संयोग में लोगों ने दिन भर खरीददारी की। शुभ मुहुर्त पर ट्रेक्टर, बर्तन, सोने चांदी के गहने, सजावटी सामानों की खरीददारी की। ऑटो मोबाइल सेक्टर में जीएसटी कम होने के चलते भी मोटर साइकिल की पूछ परख रही।

दीपावली को लेकर बाजार सजना प्रारंभ हो गया है, पुष्य नक्षत्र की शुरूआत के साथ ही बाजार में खरीददारों की चहल-पहल प्रारंभ हो गई है। इस दौरान ऑटो सेक्टर खासकर ट्रेक्टर बाजार गुलजार रहा। सेम ग्लोबल महिन्द्रा ट्रेक्टर शो रूम में एरिया मैनेजर एवं शो रूम के संचालक अभिषेक सिंह ने ट्रैक्टर ग्राहकों को चाबी देकर ट्रैक्टर की डिलिवरी की। दीपावली का पावन पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। दीवाली को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, जिसका सीधा असर बाजार की चहल-पहल पर दिखाई दे रहा है। कपड़ा बाजार से लेकर सराफा बाजार और सजावट के सामान की दुकानों तक हर जगह ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बाजारों में इस समय सबसे ज्यादा धूम सजावटी सामान और रंग-बिरंगी लाइट्स की है। दुकानों में तरह-तरह की कंदीलें, झालरें, रंगोली के




सांचे और शुभ दीपावली लिखे सजावटी सामान सजे हुए हैं। लोग अभी से ही अपने घरों की साज-सज्जा के लिए जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दिवाली के मौके पर कपड़ा बाजार में भी रौनक लौट आई है। त्योहारों के लिए नए कपड़े खरीदने के लिए लोग दुकानों पर उमड़ रहे हैं, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं, सराफा बाजार में भी सोने-चांदी के आभूषणों की बिक्री में तेजी आई है।

### मिट्टी के दीये की बढ़ी मांग

दीपावली नजदीक आते ही बाजारों में मिट्टी के दीये बिक्री के लिए पहुंचने लगे हैं। कुंभकार मोहल्ले में घरों को रोशन करने मिट्टी के दीये गढ़े जा रहे हैं। गणेश एवं दुर्गा प्रतिमाओं के बाद अब कुंभकार मोहल्ले में दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए दीये बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। कुम्हार परिवारों ने दीपावली के लिए दीये बनाने का काम पखवाड़ा भर पहले से शुरू कर दिया है। मिट्टी लाने से लेकर पकाने तक का काम पूरा परिवार मिलकर करता है। कुम्हार मिट्टी के दीये के साथ-साथ नांदी व लक्ष्मी की मूर्ति भी बना रहे हैं। हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्योहार होने के कारण लोगों के घरों में आज भी इन दीयों से घर रोशन होते हैं। कुंभकार मोहल्ले में 6-7 परिवार मिट्टी के दीये गढ़ने का काम करते है, जिसमें एक परिवार 10 से 12 हजार दीये बनाता है। इस बार दीये 15-20 रूपए दर्जन के हिसाब से बिक रहे हैं। हरीश कुंभकार ने बताया कि, प्रतिवर्ष 10 से 12 हजार दीये की बिक्री हो जाती है। संतोष कुंभकार ने बताया कि दीये बनाने का काम 15-20 दिन पहले ही शुरू कर देते हैं। उन्होंने बताया कि, छोटा दीया 10 रुपए में 12 नग, बड़ा दीया 5 रुपए नग व दीया स्थापित करने के लिए कलश 20 रुपए नग है। कुंभकार मोहल्ले में अन्य लोगों में प्रकाश, प्रमोद मिट्टी के दीये बनाने में व्यस्त हैं। प्रमोद ने बताया कि दीये सैकड़े में बेचते हैं। 15-20 रुपए दर्जन की दर से बेचा जा रहा है। लाईट झालर के उपयोग बढ़ जाने से भी दीये का महत्व कम नहीं हुआ है।



### लो वोल्टेज, अघोषित बिजली कटौती लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

**सेतगंगा-मुंगेली।** ग्राम तरवरपुर सहित आस-पास के 15-20 गांवो में लगातार हो रही लो वोल्टेज एवं अघोषित बिजली समस्या को दूर करने के लिए नए सब स्टेशन को लेकर क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। मुंगेली जनपद परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तरवरपुर में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत नवीन सब स्टेशन स्थापित करने के लिए ग्रामवासियों ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि, तरवरपुर सहित आप-पास के 15-20 गांवों के लोग बिजली की अघोषित कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से हलाकान एवं परेशान हैं। बताया गया कि, वर्तमान में ग्राम टेढ़ाधौरा से विद्युत आपूर्ति हो रही है, लेकिन लाइन लंबी एवं भार अधिक होने के कारण बार-बार विद्युत अघोषित कटौती लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि, ग्राम में शासन की 45 एकड़ जमीन ग्राम निस्तार हेतु सुरक्षित की गई है। ज्ञापन देने वालो में नमकलाल भास्कर, लेखराम जोगवंशी, गयाराम चंद्राकर, राधेश्याम चंद्राकर, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहें।